दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 237 जयपुर, सोमवार, 05 अगस्त, 2024 I श्रावण, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### वायनाड में अब तक 365 मौतें... 206 लापता



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वायनाड में 29 जुलाई की आधी रात भारी बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 365 पहुंच गई है। इनमें 30 बच्चे शामिल हैं। हादसे के छठे दिन भी आज रविवार (4 अगस्त) को सर्च ऑपरेशन जारी है। 206 लोग अब भी लापता हैं। केरल के CM पी. विजयन ने शनिवार को कहा कि वायनाड लैंडस्लाइड में घर-जमीन खो चुके लोगों के पुनर्वास के लिए सरकार एक टाउनशिप बनाएगी। यहां लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके में बचे हुए लोगों को बसाया जाएगा। राहुल गांधी और कर्नाटक सरकार ने भी लैंडस्लाइड पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने का ऐलान किया है। -पेज 8 भी देखें

### बांग्लादेश में भड़की आरक्षण के खिलाफ हिंसा में 115 मौतें



**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण बहाली के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ हिंसा जारी है। इस पर काबू पाने के लिए सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया है। हिंसा काबू करने के लिए सेना को तैनात किया गया है। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दे दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा में अब तक115 लोग मारे गए हैं। हिंसा के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना ने विदेश दौरा रद्द कर दिया है। -पेज 10 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए

+91 96640 14179
+91 97830 45155

पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया** अमर जवानों के साथ महापुरुषों को नमन... अर्पित की पुष्पाजंलि

# शहीद सपूतों का कर्ज कोई नहीं चुका सकता : मदन राठौड़

- सीएम शर्मा और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से की मुलाकात
- पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के समाधि स्थल पर किए पुष्प अर्पित

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजधानी जयपुर में देव दर्शन कर महापुरुषों की प्रतिमाओं, शहीद स्मारक और भाजपा के मजबूत आधार स्तंभ रहे और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को याद किया और उनके समाधि स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

राठौड़ ने रविवार को जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर पहुंचकर शहीदों को नमन किया और पुष्पचक्र अर्पित किए।



इस दौरान राठौड़ ने कहा कि देश के लिए प्राणों को न्योछावर करने वाले भारत माता के वीर सपूतों का कर्ज कोई भी चुका नहीं सकता। देश के अमर जवानों पर हम सभी को गर्व है। सेना के जवानों की तरह हम सभी देश के सिपाई है। हमें तन, मन और धन के साथ देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। भाजपा में सबका साथ और सबका विकास के भाव के साथ कार्य किया जाता है। संगठन के लिए कांटों पर चलकर भी कार्य करना पड़े तो किया जाएगा। भाजपा पार्टी होने के साथ परिवार भी है और परिवार में सबको साथ लेकर कार्य किया जाएगा, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

राठौड़ ने शहीदों को नमन करने के बाद सर्किल पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद राठौड़ गांधी सर्किल पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और कहा कि राष्ट्रपिता के जीवन से सत्य, अहिंसा, सद्भावना और शांति के लिए प्रेरणा मिलती है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### 'बाबोसा' को बताया प्रेरणा स्रोत

राठौड़ने विद्याधर नगर स्थित भैरोंसिंह शेखावत की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान राठौड़ ने कहा कि शेखावत का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजस्थान की राजनीति में 'बाबोसा' के नाम से प्रसिद्ध और जनसंघ के समय से शुरुआत कर पार्टी को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने वाले शेखावत विराट व्यक्तित्व के धनी थे। शेखावत पार्टी के लिए एक ऐसे प्रेरणा स्रोत हैं, जिनसे आज भी कार्यकर्ताओं और आमजन को प्रेरणा मिलती है।

### राजे और CM से की विभिन्न मुद्दों पर बात

सियासी नजरिए से देखा जाए तो राठौड़ ने रविवार को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से दो घंटे मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार इस दौरान विधानसभा की पांच सीटों के उपचुनाव के साथ ही कई सियासी मसलों पर बातचीत हुई। इस मुलाकात को सियासी हलकों में अहम माना जा रहा है। इसके साथ ही राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी करीब एक घंटे की मुलाकात की। बताया जाता है कि इस दौरान दोनों के बीच प्रदेश की राजनीति के साथ ही संगठनात्मक मुद्दों पर बात हुई।

**लालसोट को बजट में मिली सौगातों के लिए धन्यवाद सभा**

# बजट जन आकांक्षाओं-विकसित राजस्थान का सामंजस्य: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर/दौसा/किशनगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है। परिवर्तित बजट 2024-25 सभी वर्गों के लिए सर्वस्पर्शी एवं समावेशी बजट है। राज्य सरकार ने इस बजट में जन आकांक्षाओं को पूरे करने के साथ ही विकसित राजस्थान के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा का निर्धारण किया है। शर्मा रविवार को दौसा के डूंगरपुर (राहुवास) में परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में मिली सौगातों के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है और इस बजट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांगों को व्यापक स्तर पर शामिल किया गया है।

- पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी को अटकाया, हमने बनाई विकास की राह
- बजट में लालसोट को नगरपरिषद, श्यामपुरा में सीएचसी, राहूवास को नया उपखंड कार्यालय



### किशनगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट स्कूल का उद्घाटन

सीएम भजनलाल शर्मा ने रविवार को किशनगढ़ एयरपोर्ट पर अव्याना एविएशन एकेडमी के फ्लाइट स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा विमान को उड़ान के लिए झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह फ्लाइट स्कूल राज्य का पहला उड़ान प्रशिक्षण केन्द्र है। यह युवाओं को कॅरिअर में नए अवसर उपलब्ध कराकर उनके सपनों को हकीकत में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शर्मा ने कहा कि युवा अपने कर्म और बुद्धि कौशल से अपने सपनों को पूरा करें तथा परिवार के साथ देश-प्रदेश के लिए गर्व का विषय बनें।

### बहुउपयोगी साबित होगी ईआरसीपी

ईआरसीपी पूर्वी राजस्थान के विकास की धारा मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के किसानों के लिए पेयजल एवं सिंचाई के पानी की समस्या को दूर करने की दिशा में राज्य सरकार ने ईआरसीपी का मार्ग प्रशस्त किया है। हमारी सरकार ने डेढ़ महीने के अंदर ही संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना (एकीकृत पीकेसी-ईआरसीपी) का एमओयू किया है और इसे जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का रोड मैप बना लिया है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी को लटकाने एवं भटकाने का काम किया। यह परियोजना दौसा सहित पूर्वी राजस्थान के लिए वरदान साबित होगी।

### इस वर्ष एक लाख पदों पर की जाएंगी भर्तियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस वर्ष 1 लाख पदों पर भर्तियां की जाएंगी, जिससे युवाओं के सपने साकार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपरलीक जैसे मामलों से युवाओं के सपनों को रौंदा गया था। हमारी सरकार ने युवाओं के दर्द को समझते हुए पेपरलीक मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है एवं किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अहम सामाजिक सरोकार

शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के साथ ही सामाजिक सरोकारों के तहत देश मे सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। उन्होंने आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'स्वच्छ भारत अभियान' तथा महिला लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान प्रारंभ किया। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने इस वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की। इसी पहल के तहत प्रदेश में भी हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन में एक करोड़ से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### लालसोट क्षेत्र में होंगे कई विकास कार्य

शर्मा ने कहा कि लालसोट क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए परिवर्तित बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि बजट में लालसोट की नगर पालिका को नगर परिषद में, लालसोट कन्या महाविद्यालय को पीजी में, श्यामपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किये जाने की घोषणा की गई है। साथ ही, राहूवास में नवीन उपखंड कार्यालय खोला जाएगा तथा रामगढ़ पचवारा में कृषि मंडी की स्थापना की जाएगी। इसी तरह कई विकास कार्य होंगे। इस अवसर इस अवसर पर विधायक रामबिलास मीणा, राजेन्द्र मीणा, भागचंद टांकडा, श्विक्रम बंशीवाल, जितेन्द्र गोठवाल, रामअवतार बैरवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

**MP में बारिश से गिरी मंदिर की दीवार**

# 9 बच्चों की दर्दनाक मौत, कई घायल



**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के सागर में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया है। यहां एक मंदिर की दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत हो गई है। घटना सागर जिले के शाहपुर कस्बे की है जहां आज भारी बारिश के चलते दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे में 9 मासूमों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद राहत बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया।

जानकारी के मुताबिक तेज बारिश के बाद सुबह शाहपुर कस्बे में स्थित एक मंदिर की दीवार गिर गई। दुर्घटना के बाद मलबे में कई बच्चे दब गए। इनमें से 9 की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार सुबह 8.30 बजे की बताई जा रही है।

### 4 लाख मुआवजे का ऐलान

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस मामले में मृतकों के परिवारवालों को 4-4 लाख के मुआवजे का ऐलान किया है, जबकि घायलके परिवारवालों को एक लाख रुपए दिया जाएगा।

### रीवा में 4 बच्चों पर गिरी थी दीवार

यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब एक दिन पहले ही रीवा में 4 बच्चों पर दीवार गिरने से उनकी मौत हो गई थी। शनिवार को इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

# 10 जिलों में वर्षा : जयपुर में अलसुबह रिमझिम

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को 5 जिलों में तेज बारिश हुई। दोपहर बाद बारां, झालावाड़, कोटा, नागौर, जालोर, बीकानेर, बाड़मेर, टोंक, सवाई माधोपुर में तेज बारिश हुई। हालांकि राजधानी जयपुर में पिछले दो दिन से तेज बारिश का दौर थमा है।

राजधानी के कुछ इलाकों में रविवार सुबह हल्की बारिश हुई। दिन में बादल छाए रहने के साथ हल्की धूप भी निकली। इधर, प्रदेश के मौसम को लेकर कुछ इलाकों में आगामी दो दिन के लिए येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में राज्य में अनेक स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्षा तथा जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, सिरोही, डूंगरपुर व अजमेर जिलों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। वहीं सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया।

**पेरिस ओलंपिक-2024**

# हॉकी: भारत सेमीफाइनल में, ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से किया परास्त

- 43 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेली टीम इंडिया और मैच जीता
- भारत लगातार दूसरे ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंचा
- अल्कराज नहीं बन सके सबसे कम उम्र के गोल्ड मेडलिस्ट

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन को शूटआउट में हराया।

दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद दोनों टीमों के बीच शूटआउट खेला गया। भारत ने ब्रिटेन को शूटऑफ में 4-2 से हराया इसके साथ ही भारत लगातार दूसरे ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंच गया है। इस मैच की खास बात यह रही कि भारत मैच के ज्यादातर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेला।




ओलंपिक में आजादी के बाद भारत का पहला गोल्ड ग्रेट ब्रिटेन को हराकर आया था। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन को ही हराया था। भारत ने हॉकी में ब्रिटेन पर यह दबदबा पेरिस ओलंपिक में भी बनाए रखा। भारत ने इस बार उसे 1-1 की बराबरी के बाद शूटआउट में हराया। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला अर्जेंटीना या जर्मनी से होगा।

### अमित रोहिदास को रेड कार्ड

दूसरे क्वार्टर में भारत को तब बड़ा झटका लगा, जब अमित रोहिदास को रेड कार्ड दिखाया गया। दरअसल, अमित रोहिदास की स्टिक ब्रिटिश खिलाड़ी कैलनल को लगी थी। इसी कारण उन्हें रेड कार्ड दिखाया गया। अमित रोहिदास के बाहर जाने के चलते भारत को आखिरी 43 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।



### जोकोविच ने जीता पहला ओलंपिक गोल्ड

नोवाक जोकोविच ने मेंस टेनिस एकल में कार्लोस अल्काराज को फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल जीता। जोकोविच ने अल्कराज को सीधे सेटों में 7-6 (7-3), 7-6 (7-2) से हराया। वह टेनिस में सबसे उम्रदराज ओलंपिक चैंपियन भी बने। अल्काराज के पास टेनिस में सबसे कम उम्र के ओलंपिक विजेता बनने का मौका था, लेकिन वह चूक गए। अल्काराज के लिए शुरुआती सेट की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने अपनी सर्विस को बनाए रखने के लिए एक ब्रेक पॉइंट बचाया। जोकोविच ने तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन अल्काराज ने स्कोर 2-2 कर दिया। अगले गेम में, अल्काराज के पास जोकोविच की सर्विस तोड़ने का मौका था, लेकिन जोकोविच ने अपनी सर्विस बनाए रखी।

-पेरिस ओलंपिक से संबंधित अन्य समाचार पेज 5 पर भी देखें

## जरूरी खबर

### प्राधिकरण की घोषणा पर MLA का अभिनंदन



**जयपुर।** विकास प्राधिकरण की घोषणा के बाद पहली बार बीकानेर आने पर आचार्यों के चौक में बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अनिरुद्ध आचार्य ने बताया कि बीकानेर विकास प्राधिकरण बनने से बीकानेर के विकास को नए आयाम मिलेंगे। विधायक की पहल पर शहर को यह सौगात मिली है। विधायक व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी प्रत्येक मांग को पूरा किया है। शहर के विकास के लिए आगे भी ऐसे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरा शहर मुख्यमंत्री का आभारी है। इस दौरान शहर के लोगों ने मालाएं, साफा और दुपट्टा ओढ़कर विधायक का नागरिक अभिनंदन किया।

### टीकाराम जूली ने खाटूश्याम जी के लगाई धोक



**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को परिवार सहित खाटूश्याम जी के दर्शन कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जूली ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए कहा कि यहां जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से आता है बाबा उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। जूली ने कहा कि मंदिरों के विकास और उत्थान के लिए गहलोत सरकार ने काफी काम किया है।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिलाई शपथ



**जयपुर।** अंबेडकर नगर स्थित अलवर जिला अग्रवाल महासभा के भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुकुम चंद गर्ग एवं अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्री यादव ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामना देते हुए कहा कि जिस उद्देश्य से कार्यकारिणी द्वारा शपथ ली गई है उसी उद्देश्य को पूरी लगन व निष्ठा से निभाकर समाज को आगे बढाने की दिशा में कार्य करेंगे।

**नई दिल्ली में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े:** मंत्रियों से प्रदेश के विकास तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर की बात

# राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति, रक्षा और कानून मंत्री से की मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर/ नई दिल्ली







राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। इससे पहले राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर मुलाकात की।

इस अवसर पर राज्य के विकास तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर बात की। राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को शॉल ओढ़ाई और पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने प्रदेश के विकास और जनता के हित से जुड़े मुद्दों के बारे में उपराष्ट्रपति को जानकारी दी। राज्यपाल बागड़े उन्हें प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं और राज्य सरकार की उपलब्धियों के अलावा जनता की जरूरतों और चुनौतियों से भी अवगत कराया। इसके साथ ही राज्यपाल बागड़े ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर उनसे चर्चा की।

जोधपुर हाउस में केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल बागड़े का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



### समाधि स्थल पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े रविवार सुबह नई दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचे। उन्होंने वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाद में बागड़े ने विजय घाट पर बनी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 'सदैव अटल' समाधि पहुंचकर उन्हें भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**कर्मचारियों और पेंशनर्स को सीएम भजनलाल शर्मा का आश्वासन**

# 'वेतन की विसंगतियों को लेकर की गई सिफारिशें जल्द लागू'

■ 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स को मिलेगा पांच प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता

**बेधड़क** | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार हो सकता है, इसलिए राज्य सरकार ने राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में उनके सुझावों को शामिल करते हुए प्रावधान किए हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवार के हितों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। कर्मचारी हमारे समाज के गौरव हैं, जो अपने जीवन का अधिकांश समय राज्य की सेवा में समर्पित करते हैं। कर्मचारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अपने परिवारों के साथ समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं।

पेंशनर्स का अनुभव और ज्ञान राज्य के विकास के लिए अमूल्य संपत्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घोषणाएं समय पर पूर्ण होने से ही संबंधित वर्ग को उसका लाभ मिलता है। इसीलिए हमारी सरकार ने कर्मचारी हित में बिना विलंब किए कुछ ही महीनों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने सिर्फ चुनावों को ध्यान में रखते हुए बिना बजट प्रावधान के लुभावनी घोषणाएं की।

### नर सेवा को मानें नारायण सेवा

सीएम शर्मा ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि कर्मचारी समाज के जिम्मेदार नागरिक हैं। इसलिए उन्हें नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के वंचित व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लेकर आना आपका कर्तव्य है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति सेवा रूपी दीपक जलाएगा, तभी समाज से असमानता और अभाव का अंधियारा दूर होगा तथा विकसित राजस्थान का संकल्प साकार होगा। इस अवसर पर राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद व्यास, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेशाध्यक्ष रमेश पुष्करणा, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रामवीर सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी तथा पेंशनर्स मौजूद रहे।



### कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के लिए बजट में की गई महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के कल्याण के लिए वेतन विसंगति संबंधी सुधार, अधिकतम ग्रेच्युटी राशि में वृद्धि, पेंशन वृद्धि, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनसे कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 वर्ष से अधिक आयु पर बढ़ी हुई दर से पेंशन की सुविधा प्राप्त है। अब हमने 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए भी 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिए जाने की घोषणा की है। साथ ही, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अनुरूप 1 अप्रैल, 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन मिलेगी। शर्मा ने कहा कि 30 जून, 2023 को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन गणना के लिए 1 जुलाई, 2023 से एक काल्पनिक वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाएगा तथा भविष्य में प्रतिवर्ष 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी यह लाभ मिलेगा।



### बीकानेर विकास प्राधिकरण बनाने पर सीएम का जताया आभार

बीकानेर के भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में बीजेपी नेताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर बधाई दी और बीकानेर विकास प्राधिकरण बनाने का आभार जताया। आचार्य ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस तरह बजट घोषणा में बीकानेर के विकास के लिए अनेकों सौगात दी है। विकास प्राधिकरण बीकानेर के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नाम बीकानेर के विकास के इतिहास में दर्ज हो गया है। गौरतलब है इससे पूर्व संगठन के नेताओं ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास से मिलकर उनका भी आभार व्यक्त किया था। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहन सुराना, श्याम सुंदर चौधरी, गोपाल अग्रवाल, विक्रम सिंह भाटी, नवरतन सिंह उपस्थित थे।

**लोकसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत**

# जनता की आशा के अनुरूप करेंगे क्षेत्र का विकास: बिरला



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को बूंदी जिला स्थित केशवराय पाटन विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में पुनः जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार केशवराय पाटन क्षेत्र में आए स्पीकर बिरला का कार्यकर्ताओं और कई समाजिक संस्थाओं और संगठनों की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

जिले के सींता से शुरू हुआ स्वागत का क्रम केशवराय पाटन, कापरेन से लेकर लाखेरी तक ऐसा चला कि महज डेढ़ किमी की दूरी तय करने में 10 घंटे से अधिक लग गए। जहां-जहां से बिरला का काफिला निकला वहां स्वागत के लिए लोग उमड़ते रहे। पाटन और कापरेन में काफिला रोड शो में तब्दील हो गया। बिरला ने भी प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन स्वीकार किया। बिरला ने इस दौरान केशवरायपाटन नगर पालिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

### वंचित वर्ग का उत्थान प्राथमिकता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यकर्ताओं से कहा है हमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम लोगों के जीवन में खुशियां लाएं, अपने प्रयासों से उनका जीवन बेहतर बनाएं। वंचित वर्ग के उत्थान के लिए संवेदनशीलता और सामूहिकता से प्रयास करें। बिरला ने कहा कि केंद्र और राज्य में एक दल की सरकार है। हम मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की भावना के साथ कार्य करेंगे।

# 'संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद रोजगार की कमी'

**बेधड़क** | जयपुर



बाड़मेर के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि हमारे पास कोयला, विंड, खनिज पदार्थ, रिफाइनरी जैसे रोजगार के भरपूर संसाधन होने के बावजूद हम बेरोजगारी में शीर्ष पर हैं। यह अति चिंता का कारण है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि इस मुद्दे को प्राथमिकता के साथ संज्ञान में लेकर प्रदेश के युवाओं के लिए एक यूथ पॉलिसी डॉक्यूमेंट बनाकर सार्वजनिक करें। भाटी ने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो प्रदेश के युवा अपनी आशाओं और सपनों को खो देंगे। बेरोजगारी की यह विकट स्थिति सिर्फ एक आर्थिक समस्या नहीं है, यह हमारे सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित कर रही है।

बेरोजगारी की वजह से युवा अवसाद और निराशा के शिकार हो रहे हैं। उनके सपने, उनकी आकांक्षाएं धूमिल हो रही हैं। भाटी ने उदाहरण देते हुए बताया कि कई राज्यों में यूथ पॉलिसी के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार**

# कार्यकर्ताओं की बदौलत पदभार ग्रहण समारोह बना ऐतिहासिक: राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण समारोह को सफल बनाने वाले संयोजक एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली और उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पदभार ग्रहण समारोह के कुशल संचालन के लिए बनाई गई समितियों के संयोजक एवं उनकी टीम ने कम समय में अच्छा कार्य किया और पदभार ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाया।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की वजह से ही बनी हैं। भाजपा के कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं की मेहतन के चलते राजस्थान और देश में भाजपा की सरकार बन पाई हैं। राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पदभार ग्रहण समारोह की व्यवस्था के लिए बनाई गई समितियों के संयोजक और कार्यकर्ताओं ने भी नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मोतीलाल मीणा, अजयपाल सिंह, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी,



प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, वासुदेव चावला, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा के पदाधिकारी और सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**बेधड़क** | जयपुर



भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बैठक ली। अभियान के संयोजक पूर्व सांसद रामचरण बोहरा बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है। 15 अगस्त आते-आते पूरे देश में इस अभियान के लिए एक अलग ही जुनून दिखाई देता है। बोहरा ने कहा कि इस वर्ष भी भाजपा पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष भाजपा ने तय किया है किसी भी बूथ पर कोई भी घर ऐसा ना रहे जिस पर तिरंगा ना लगा हो। इस अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों की स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही संगोष्ठी एवं सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। जल्द ही इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला स्तर एवं मंडल स्तर पर भी बैठकें आयोजित की जाएगी।

इस दौरान विधायक दिप्ती किरण माहेश्वरी, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची भी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### खराब छोड़ सही किडनी निकाली महिला की मौत



**जयपुर।** जो किडनी खराब थी, उसे तो निकाला नहीं और उसकी जगह जो किडनी सही उसे निकाल देने से महिला की मौत हो गई। 76 दिन तक महिला का एसएमएस अस्पताल में इलाज चला। रविवार शाम 4 बजे महिला ने दम तोड़ दिया। झुंझुनूं के धनखड़ हॉस्पिटल में डॉ. संजय धनकड़ ने महिला का ऑपरेशन किया था। झुंझुनूं के नुआं गांव (तहसील मंडावा) की रहने वाली ईद बानो (54) की धनखड़ हॉस्पिटल में 15 मई को डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान संक्रमित की जगह सही किडनी निकाल दी थी। इसके बाद से मरीज की हालत गंभीर बनी हुई थी। जयपुर में भर्ती मरीज ईद बानो के बयान के आधार पर 30 मई को मामला दर्ज किया गया था। 5 जून को किडनी निकालने वाले डॉक्टर डॉ. संजय धनखड़ को पुलिस ने गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार कर लिया था।

### शीश महल देख अभिभूत हुए WHC डायरेक्टर



**जयपुर।** वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर के डायरेक्टर लजारे एलौंडो असोमो अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान रविवार को आमेर महल पहुंचे। फोर्ट परिसर के भ्रमण के दौरान उन्होंने महल की ऐतिहासिकता और स्थापत्य के साथ-साथ संरक्षण कार्यों एवं पर्यटकों की जानकारी भी ली। वे आमेर महल में स्थित शीश महल को देखकर अभिभूत हुए। भ्रमण के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जयपुर वृत्त के अधीक्षक पुरातत्वविद विनय गुप्ता और आमेर महल के अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक उपस्थित रहे। गाइड महेश कुमार शर्मा ने उनको आमेर महल का भ्रमण करवाया।

### तीन दिवसीय टेसकॉन 2024 कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स ने दी जानकारी

# बहुत ज्यादा सावधानी ने घटा दी हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता

**बेधड़क** | जयपुर

कोविड के समय लॉकडाउन, मास्क लगाने जैसी सावधानियों का अतिरिक्त ध्यान रखने से अब सामान्य वायरल होने पर भी लोग गंभीर बीमार होकर आईसीयू में पहुंच रहे हैं। वायरल से आईसीयू में पहुंचने वाले मरीज दो से तीन गुना बढ़ गए हैं। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस टेसकॉन 2024 में एक्सपर्ट्स ने कुछ ऐसी ही जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. केके शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन विभिन्न साइंटिफिक सेशन में एक्सपर्ट्स ने श्वास रोग के इलाज में आई नई दवाओं और प्रोसीजर जैसे एडवांस ब्रोंकोस्कोपी के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान फैकल्टी से सवाल जवाब का सेशन भी अलग से रखा गया। इसमें स्टूडेंट्स ने इलाज के दौरान आने वाली जटिलताओं के बारे में पूछा। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. रामबाबू गुप्ता ने बताया- दूसरे दिन पैनल डिस्कशन भी हुए। इसमें एक्सपर्ट्स ने इस जांच की भूमिका के बारे में अपनी राय रखी। इसके अलावा मुंबई की डॉ. अनिता नेने ने ओरेशन भी दिया।




### तीन गुना तक बढ़ी मरीजों की संख्या

दिल्ली के डॉ. उज्वल परख ने बताया कि कोरोनाकाल में हमने इन्फेक्शन से बहुत ज्यादा सावधानी रखी। इससे सामान्य वायरल इन्फेक्शन के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो गई। उस समय वायरल फीवर भी बहुत कम हो गए थे। अब सब कुछ सामान्य हो गया है तो लोगों में इम्यूनिटी कम होने के कारण वायरल फीवर, स्वाइन फ्लू होने आइसीयू में भर्ती करना पड़ रहा है। कोरोना से पहले सिर्फ 0.5 प्रतिशत मरीजों को ही आईसीयू में भर्ती करना पड़ता था। अब यह संख्या तीन गुना तक बढ़ गई है।

### मैनोपॉज के बाद महिलाओं में भी बढ़ती है बीमारी

कोलकाता के डॉ. राजा धर ने नींद की गंभीर बीमारी ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओएसए बीमारी तीन पुरुषों और एक महिला को होती है, लेकिन जब महिलाओं में मैनोपॉज हो जाता है तो उसके बाद यह बीमारी महिलाओं और पुरुषों में बराबर हो जाती है। इसका बड़ा कारण टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन है जो पुरुषों में ज्यादा पाया जाता है। मीनोपॉज के बाद महिलाओं में भी टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन बढ़ने लगता है, जिससे गले की तरह मोटापा बढ़ने से उनमें ओएसए की समस्या हो जाती है।

### हरियाली अमावस्या पर चंदन और फूलों से श्रृंगार कर की महाआरती

# कांवड़ में लाए गलता तीर्थ के जल से भोलेनाथ का अभिषेक

**बेधड़क** | जयपुर

छोटी काशी में हरियाली अमावस्या पर रविवार को भी कांवड़ यात्राएं लाने का सिसिला जारी रहा। हर-हर महादेव, बोल बम, ताड़क बम के साथ गलता तीर्थ से प्रारंभ हुई कावड़ यात्राओं का जगह-जगह स्वागत किया गया।

महादेव जी, पार्वती और शिव गणों की सजीव झांकी के साथ भगवा वेशभूषा में कांवड़िए हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए बढ़ रहे थे। विभिन्न मार्गो से होती हुई कांवड़ यात्रा कॉलोनी के मंदिर पहुंची। मंदिर महंत के सानिध्य में जयपुर वासियों के कल्याण की कामना के साथ महादेव जी का जलाभिषेक किया गया। भोले नाथ का का चंदन और फूलों से श्रृंगार कर महाआरती की गई। इसी कड़ी में राधे राधे क्लब की 14वीं कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

गलता जी से रवाना हुई कांवड़ यात्रा सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के नंदपुरी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची। तीन हजार एक सौ श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। लगभग इतनी ही मातृशक्ति कलश लेकर कावड़ यात्रा में शामिल हुई। विधायक गोपाल शर्मा ने कांवड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



### संकट मोचन हनुमान मंदिर में कांवड़ जल चढ़ाया

राधे राधे क्लब के संरक्षक राजेश बंसल ने बताया कि सुबह चार बजे नंदपुरी स्वेज फार्म सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से कांवड़िए बसों से गलता के लिए रवाना हुए। गलता पहुंचकर स्नान और पूजा अर्चना की। गलता से कांवड़ लेकर सोडाला के लिए रवाना हुए। सोडाला में हाथी, घोड़े, ऊंट, शाही लवाजमे के साथ डीजे की धुन पर कांवड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते भक्ति नृत्य करते चल रहे थे। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। जगह-जगह रास्ते में कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कांवड़ यात्रा नंदपुरी के संकट मोचन हनुमान मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई। यहां सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के महंत अवधेश दास महाराज के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर भक्तों ने गलता के जल से अभिषेक किया।



### नहर के गणेश जी को मोदकों का भोग

जयपुर। ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अति प्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी के मंदिर में रवि पुष्य और हरियाली अमावस्या के अवसर पर भगवान गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया। इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार कर मोदकों का भोग लगाया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में मंदिर परिवार की ओर से गणपति का दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके साथ भगवान गणेश को ऋगवेदोक्त गणपतिमात्रिका के पाठ कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। इसके बाद 21 वैदिक मंत्रों के जरिए गणपति को 21 मोदकों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में शाम के समय भगवान गणेश का 251 दीपकों से सांयकालीन महाआरती की गई। इस अवसर पर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रक्षासूत्रों का वितरण किया गया।

### बुजुर्ग को किया ब्लैकमेल

# नौकरानी ने बनाया अश्लील वीडियो, झूठे केस में फंसाने की धमकी



**बेधड़क**| जयपुर

एक बुजुर्ग का उसी की नौकरानी द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग ने आरोप लगाया है कि नौकरानी और उसके पति समेत तीन साथियों ने पहले निर्वस्त्र कर मारपीट की। फिर रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने बजाज नगर थाने में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

पीड़ित बुजुर्ग (62) ने बताया कि वह पत्रकार हैं। उनके परिचित रामचरण शर्मा के कहने पर 15 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से एक नौकरानी रखी थी। उसका नाम सुमन शर्मा है। खाना पकाने, बर्तन साफ करने, झाड़ू पोछा और दिन में प्रेस कान्फ्रेंस में फोटो वीडियोग्राफी के लिए रखा था। 5 जुलाई 2024 को सुमन को रखा गया। नौकरानी को पहले ही कहा था कि शुरू के पांच दिन मैं आपका काम व व्यवहार देखूंगा। आप आधार कार्ड व फोटो लेकर आना। सुमन शर्मा ने शुक्रवार-शनिवार को खाना बनाया। बर्तन साफ किए और प्रेस कांन्फ्रेंस में साथ गई। पीड़ित ने आरोप लगाया- इस दौरान सुमन शर्मा के ब्लैकमेल कर रुपए लूटने की योजना बनाई। 8 जुलाई 2024 को सुबह 9 बजे के बजाय दिन में 12 बजे काम पर आई। बोली- सर अभी तक नहाए नहीं। पीड़ित बोला- तबीयत ठीक नहीं है। सुमन बैठो थोड़ी देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए चलते हैं। इसी दौरान दरवाजा बजा। गेट खोला तो दो बदमाश धक्का देकर कमरे के अन्दर आ गए। सुमन शर्मा ने दोनों के साथ मिलकर मेरा मोबाइल छीन लिया। कपड़े खोलकर लात, घूंसों और बेल्टों से मारने लगे। इस पर चारों ने पैसा मांगना शुरू कर दिया। पैसा नहीं देने पर रेप व छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा पुलिस में दर्ज कराने की धमकी दी। आखिर पीड़ित ने महिला उसके पति सहित चार लोगों पर ब्लैकमेल कर पैसा लेने का मामला दर्ज कराया हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

### कपड़ों और चप्पलों से पता चला, दो घंटे में निकाले शव

# खदान में नहाने उतरे दो बच्चों की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

नीदड़ मोड़ के पास स्थित पत्थर की खदान में रविवार दोपहर नहाने उतरे दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। खदान के पास खुले हुए कपड़े-चप्पल मिलने पर बच्चों के डूबने का पता चला।

हरमाड़ा थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से पुलिस ने खदान में भरे पानी से दोनों बच्चों के शव को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए दोनों शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। हरमाड़ा एसएचओ दिलीप खदाव ने बताया कि नीदड़ मोड़ के पास स्थित पत्थर खदान में हरमाड़ा के नोखा गांव निवासी अंश दीप (12) और विद्या (11) रविवार सुबह अपने घर से निकले थे। गांव के ही तीन ओर बच्चों के साथ नींदड़ मोड़ स्थित पत्थर खदान में भरे पानी में नहाने का प्लान बनाया था। घर से निकले पांचों दोस्त नहाने के लिए खदान पर जाने पैदल निकल गए। रास्ते में एक दोस्त के चोट लगने पर दो साथी उसे डॉक्टर को दिखाने लेकर चले गए। अंश दीप और विद्या नहाने के लिए खदान पर चल दिए। पत्थर खदान में भरे पानी में दोनों दोस्त कपड़े उताकर नहाने उतर गए। खदान के कई जगह पर करीब 12 फीट गहरे होने के कारण दोनों डूब गए।

दोनों बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। दोस्तों ने दोनों के खदान पर नहाने जाने की बताया। हरमाड़ा थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अंश दीप और विद्या के शव को बाहर निकाला गया।

### जन्माष्टमी कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन




*__जयपुर।__ धोलाई स्थित गिरिधारी दाऊजी मंदिर (इस्कॉन) में होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया। मंदिर अध्यक्ष पंचरतन दास ने बताया मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर सीएम भजन लाल शर्मा को जन्माष्टमी पर्व के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इस मौके पर इस्कॉन जयपुर के चेयरमैन ज्योति कुमार माहेश्वरी, मंदिर उत्सव समिति सदस्य मनोज पांडेय भी उपस्थित रहे।*

### दिया कुमारी ने किया नए भवन का लोकार्पण

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुआ 'बड़ा', अब रोज योगा क्लासेज भी चलेंगी

**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र विद्याधर नगर में ढेहर का बालाजी इलाके के वार्ड नंबर 25 की महाराजा कॉलोनी में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नए भवन का लोकार्पण किया। ये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहले एक छोटे परिसर में संचालित था, जिसे अब एक बड़े भवन में स्थानांतरित किया गया है। नए भवन में ओपीडी, लैब, चिकित्सक कक्ष आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी के साथ साथ स्वास्थ्य केंद्र पर अब हर रोज सवेरे योग कक्षाओं का आयोजन भी किया जाएगा।



### विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे

दिया कुमारी ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे विद्याधर नगर के विकास में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगी। उन्होंने कहा कि ढेहर का बालाजी इलाके में जलभराव की समस्या बरसों पुरानी है, पर इसके स्थायी समाधान के लिए अब करीब 36 करोड़ रुपए की लागत से नए ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण का शिलान्यास हो चुका है। इसी के साथ वीकेआई इंडस्ट्रियल एरिया के विकास और रोड नंबर 14 पर जलभराव की समस्या के निवारण के लिए प्रोजेक्ट शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के बजट में विद्याधर नगर क्षेत्र को 75 करोड़ रुपए की सड़कों की सौगात दी गई है। नाड़ी का फाटक पर 90 करोड़ की लागत से आरओबी और आरयूबी बनाए जा रहे हैं।



### प्रदेश की खुशहाली की मंगल कामना

इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने सीकर रोड पर श्री शिव महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित 17वें महारुद्राभिषेक में भाग लिया, जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। दिया कुमारी ने सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हरियाली अमावस्या के पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रदेश की उन्नति और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। उपमुख्यमंत्री ने उत्सव जनउपयोगी भवन में ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन, रिद्धि सिद्धि पर आयोजित तीज-उत्सव तथा कई अन्य सांत्वना बैठकों में भी हिस्सा लिया।

## जरूरी खबर

### बीएसएफ के जवान ने की खुदकुशी



**बाड़मेर।** बाड़मेर स्थित भारत-पाक सीमा पर तैनात एक बीएसएफ के जवान ने खुदकुशी कर ली। जवान रविवार सुबह ड्यूटी पर तैनात था, जहां उसने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद बीएसएफ और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाखासर थाना अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि बॉर्डर पर 83वीं बीएसएफ बटालियन के जम्मू-कश्मीर निवासी कांस्टेबल बनारसी लाल (28) बाखासर बीओपी भाडा पोस्ट पर तैनात था।

### आबकारी विभाग की टीम को ग्रामीणों ने घेरा

**दौसा।** जिले के पापड़दा थाना क्षेत्र में शनिवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने गए आबकारी विभाग के अधिकारियों को रौब दिखाना महंगा पड़ गया। ग्रामीणों ने आबकारी विभाग की गाड़ी को घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी. इस दौरान स्थानीय पापड़दा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइश कर मामले को शांत कराया, लेकिन इस मामले को लेकर जब आबकारी अधिकारी राजकार्य में बाधा पहुंचाने की एफआईआर दर्ज कराने पापड़दा थाने पहुंचे तो इसकी सूचना पुलिस ने ही ग्रामीणों को दे दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पापड़दा थाने पर जमा हो गए। ऐसे में काफी समझाइश के बाद सुलह हुई।

### गुर्जर समाज की मीटिंग में पदयात्रा को लेकर चर्चा



**चाकसू।** वीर गुर्जर विकास संगठन समिति चाकसू की बैठक का आयोजन तहसील अध्यक्ष रामसहाय रावत की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में आगामी सितंबर माह को भगवान देवनारायण जोधपुरिया धाम की पैदल यात्रा की चाकसू में व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। बैठक में समाज के पंच पटेल सहित कई गांवों से आए हुए समाज के लोग मौजूद रहे। गुर्जर समाज मीडिया प्रभारी कैलाश गुर्जर ने बताया कि बैठक में चाकसू क्षेत्र से आए समाज के लोगों को पदयात्रा की तैयारियों को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि पदयात्रा के दिन वीर गुर्जर विकास संगठन समिति चाकसू की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## टोंक जिले के 30 में से 9 बांधों पर चल रही चादर

# 64 साल बाद खोले गए मासी बांध के एक साथ पांच गेट

**बेधड़क | टोंक**

जिले में औसत से ज्यादा बरसात के साथ ही निवाई उपखंड में इस मानसून सत्र में हुई अब तक बरसात के बाद क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर हैं।

जिले में जलसंसाधन विभाग के 30 में से 9 बांधों पर चादर चल रही है, वहीं जोधपुरिया धाम के पास मासी नदी पर बने मासी बांध पर 64 साल बाद चादर चल रही है।

मासी के एक साथ 5 गेट खोलने के बाद भी बांध पर 5 फीट पानी की चादर चल रही है। 64 सालों बाद मासी नदी रविवार को तेज वेग से बहती नजर आई।

### मासी नदी उफान पर

जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक जैन ने बताया कि 1960 में इस बांध के बनने के बाद पहली बार इस वर्ष 5 गेट खोलने पड़े हैं। बांध पर करीब 10 इंच की चादर भी चल रही है। 1981 में बांध की अच्छी चादर चली थी, लेकिन गेट नहीं खुले थे, ऐसे में ठीक 64 साल बाद वर्ष 2024 में मासी बांध की 10 फीट भराव क्षमता पूर्ण होने पर गेट खोले गए हैं। रविवार तक मासी नदी उफान पर है और बांध में लगातार पानी की आवक बनी हुई है।

### 1960 में हुआ था डैम का निर्माण

डैम का निर्माण 1960 में हुआ था। मासी, बांडी, खेराखशी नदियों का पानी रोककर 1960 में पीपलू क्षेत्र के 29 गांवों की 28 हजार एकड़ भूमि को नहरों के जरिए सिंचित करने, निवाई की पेयजल समस्या को हल करने सहित जलीय जीवों का पालन करने को लेकर किया गया था। बांध पर 725 फीट लंबी चादर बनी होने सहित 16 गुणा 8 फीट के पांच गेट लगे हुए हैं, जो बांध 1971 में अधिक पानी की आवक होने पर टूट गया था। इसके बाद फिर से बांध की मरम्मत की गई। बांध की मजबूती के बाद 1981 में बांध पर 11 फीट ऊंचाई की चादर चली थी।



### मासी के अलावा बांडी और खेराखशी में आया पानी

सहायक अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि बांध के सभी गेट दो-दो फीट तक खोलकर ओवरफ्लो पानी की निकासी करनी पड़ रही है। मासी बांध पीपलू उपखंड क्षेत्र की समृद्धि, खुशहाली का प्रतीक है, जो डेढ़ दशक में केवल 6 बार ही लबालब हुआ है। बांध भरने के बाद छोड़े गए पानी से मासी नदी पहली बार अपने वास्तवित स्वरूप में नजर आई। बांध में मासी नदी के अलावा सहायक नदी बांडी, खेराखशी से इस बार अच्छी पानी की आवक हुई है।

### किसानों में खुशी की लहर

किसानों में मासी बांध के लबालब होने के साथ ही खुशी की लहर है। पीपलू में किसानों ने आपस में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। देवजी मंदिर में कई किसानों ने ढोक लगाकर प्रसाद चढ़ाया। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि मासी बांध के भरने से पीपलू उपखंड क्षेत्र के 29 गांवों के करीब 30 हजार से अधिक लोगों को फायदा मिलता है। बांध के भरने पर किसानों को रबी की फसल में सिंचाई के लिए नहर से पानी मिलता है। मासी बांध से पीपलू क्षेत्र में गहलोद तक 40 किमी लंबी मुख्य नहर व दर्जनों वितरिकाएं बनी हुई हैं, जिससे क्षेत्र में 6985 हेक्टेयर जमीन पर रबी की फसल में सिंचाई की जाती है, जिससे क्षेत्र का किसान समृद्ध व खुशहाल होता है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर फिर हुआ भीषण हादसा

# ट्रक में घुसी कार... एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, पांच घायल

**बेधड़क । सवाई माधोपुर**

जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की बनास नदी पुलिया पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कार चालक सहित पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा।

जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के विक्रमगढ़-आलोट निवासी एक ही परिवार के लोग पहले ऋषिकेश गए थे। बताया जा रहा है कि वहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन था, जहां परिवार की एक महिला की भागवत कथा सुनने के दौरान मौत हो गई थी। परिवार के लोगों ने मृतक महिला का ऋषिकेश में ही विधिवत रूप से अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद वे अपने गांव विक्रमगढ़ आलोट लौट रहे थे। इसी दौरान सवाई माधोपुर जिले के सुरवाल थाना क्षेत्र के भगवतगढ़-त्रिलोकपुरा बनास नदी के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह उनकी अर्टिगा कार आगे चल रहे एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे के बाद भी ट्रक चालक करीब एक किमी तक कार को घसीटता ले गया। इसके बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से ट्रक चालक की तलाश कर रही है।





### कार के परखच्चे उड़े

हादसा इतना जबर्दस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार लोगों के शव बुरी तरह चिपक गए। पुलिस को शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे की सूचना पर सूरवाल और बौंली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं सीओ सीटी हेमेंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचकर हादसे के बारे में जानकारी ली। फिलहाल, पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार संभवतया कार चलाने के दौरान ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई और कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना दर्दनाक था कि अर्टिगा गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद ट्रक लगातार चलता रहा और कार ट्रक में फंसे हुए करीब एक किलोमीटर तक घसीटती चली गई। इस दुर्घटना में मौके पर ही चार लोगों ने दम तोड़ दिया तथा पांच लोग घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं एवं एक पुरुष शामिल हैं। एक्सप्रेस हाईवे की एंबुलेंस द्वारा मृतकों के शव व घायलों को सवाई माधोपुर के सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया गया। मृतकों में राजन, मोनिका, रेखा व धापू प्रजापत शामिल हैं। इसके अलावा घायलों में पायल, बुलबुल, ज्योति, कृष्णा प्रजापत तथा एक छोटी बच्ची अनीता सहित कार चालक शकील खान शामिल है।

### हादसे में मां-बेटी की जान गई


धापू देवी की 3 बेटियां थीं। सबसे बड़ी भोली बाई, दूसरे नंबर की रेखा और सबसे छोटी कृष्णा है। बड़ी बेटी भोली बाई की ऋषिकेश में मौत हो गई थी। वहां 3 अगस्त को अंतिम संस्कार किया गया। हादसे में धापू देवी के अलावा बेटी रेखा की मौत हो गई, जबकि सबसे छोटी बेटी कृष्णा घायल है। वहीं, कृष्णा के बेटे राजन और बेटी मोनिका की भी मौत हो गई।



## खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे भक्त

# बस को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 12 यात्री घायल

**जयपुर।** जिले के आसलपुर गांव में देर रात खाटूश्याम जी से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस को पीछे से ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी सुरेश सिंह ने बताया कि पुलिस थाने में रात को सूचना मिली कि आसलपुर रेलवे स्टेशन फाटक के पास बस को ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कई यात्री घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायल यात्रियों का जोबनेर और बगरू के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया। पुलिस ने रविवार सुबह बस और ट्रेलर को सड़क मार्ग से हटाकर रास्ता दुरुस्त कराया।



## मरीज और परिजनों को मिलेगी राहत

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया हेल्प डेस्क का शुभारंभ



**बेधड़क | अजमेर**

संभाग के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अब डॉक्टरों की जानकारी के लिए मरीज और परिजनों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए आपातकालीन इकाई के पास हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मरीज और उनके परिजनों की सुविधा के लिए अस्पताल की आपातकालीन इकाई के पास अधीक्षक कक्ष से पहले हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यहां 24 घंटे तीन पारियों में स्टाफ तैनात रहेगा। कोई भी मरीज या उनका परिजन आकर यहां चिकित्सा से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी ले सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया, अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे व अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# गड्ढ़े में डूबने से सगे भाई बहन समेत तीन की मौत

**बेधड़क | बाड़मेर**

बालोतरा जसोल थाना क्षेत्र में बुडिवाड़ा गांव में घर के पास बारिश के पानी से भरे गड्ढ़े में डूबने से मासूम भाई-बहन समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। तलाश करते हुए परिजनों को चप्पल देखकर शक हुआ तो पुलिस को सूचना दी। जेसीबी की मदद से तीनों बच्चों के शव को बाहर निकाला गया।

हादसे की सूचना के बाद गांव में कोहराम मच गया। जसोल थाना अधिकारी चंद्र सिंह ने बताया कि बारिश बंद होने के बाद शनिवार शाम करीब पांच बजे देवाराम (11) पुत्र वोताराम भील अपनी बहन पवनी (5) और भट्टाराम (8) पुत्र मुकेश भील के साथ घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान घर से 600 मीटर दूर निकल गए। जहां बारिश से भरे गड्ढ़े में नहाने के लिए उतर गए। गहराई ज्यादा होने से तीनों पानी में डूब गए। शाम करीब सात बजे तक बच्चों के नहीं दिखने पर परिजनों ने आसपास पूछताछ की। इसके बाद भी कोई पता नहीं चलने पर तलाश शुरू की गई।

रात करीब 11 बजे गड्ढे के पास चप्पलों को देखकर शक हुआ। परिजन और ग्रामीण ने गड्ढ़े में उतर कर बच्चों का ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन गहराई और फिसलन होने की वजह से वापस निकल आए। अंधेरा होने की वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर जेसीबी को मौके पर बुलाया गया। करीब 11:30 बजे साइड में गड्ढ़ा खोदना शुरू किया ताकि पानी कम हो सके। पानी कम होने के बाद तीनों बच्चों को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

## भीलवाड़ा जिले में अनूठा आयोजन

# हरियाली अमावस्या पर साफे पहनाकर की गई पेड़ों की पूजा-अर्चना

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

पर्यावरण बचाने का संदेश देने के लिए हर साल हरियाली अमावस्या पर अनूठा आयोजन होता है। पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए पौधों को मुखिया मानकर साफा पहनाकर पूजा की जाती है। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी संस्था (एफईएस) दस साल से ऐसी अनूठी परंपरा निभा रही है। हर साल हरियाली अमावस्या पर किसी एक गांव में जाकर पौधरोपण करते हैं। सबसे बड़े पौधे को संस्था और ग्रामीणों की तरफ से पगड़ी पहनाई जाती है। पिछले 10 साल में 75 गांवों में ऐसे आयोजन हो चुके हैं। पहली बार मांडलगढ़ के महुआ, मानपुरा, दौलपुरा, शाहपुरा के बिलिया व झालरा, भगवानपुरा, कीरखेड़ा सहित 35 गांवों में अनूठी परंपरा निभाई गई। पिछले सालों में ऐसे आयोजन अमरतिया, बरूंदनी, जहाजपुर के बिलेठा, गोगाखेड़ा आदि में हो चुके हैं।

### समाज को पर्यावरण से जोड़ने की पहल

एफईएस के स्टेट हैड शांतनु सिन्हा रॉय बताते हैं कि हरियाली अमावस्या पर तरफ हरियाली छाई रहती है। यह सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ा त्योहार है। इस कारण से वन, प्रकृति, पर्यावरण आदि से जोड़ने के लिए यह अनूठा कार्यक्रम शुरू किया है। पारंपरिक तरीके से समुदाय को पर्यावरण के संरक्षण, पेड़ पौधों की पूजा-अर्चना, उनको साफा पहनाकर सम्मान, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं समाज के बड़े बुजुर्गों को जोड़ते हैं। वे चारागाह संरक्षण, जल को बचाने एवं हमारे कल को सुरक्षित करने के लिए समाज को जागरूक करने का काम करते हैं।



### बड़ी संख्या में लोगों ने किया सेलिब्रेट

कार्यक्रम में हजारों के संख्या में महिलाएं, बच्चे और सभी वर्ग के लोग जुड़कर हरियाली अमावस को सेलिब्रेट किया। इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से भी पेड़ लगाने के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' शुरू किया गया है। इसी तरह पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से प्रण संकल्प लिया गया है। इस संकल्प कार्यक्रम का नाम 'जल शक्ति से नारी शक्ति' रखा गया है, जिसमें हर पेड़ पौधे को बचाने का प्रण लिया जा रहा है।

## अलवर के मातृ वन में एक साथ लगाए आठ हजार पौधे

**अलवर।** अलवर के भूरासिद्घ मंदिर वन क्षेत्र में विकसित किए जा रहे मातृ वन में रविवार को 75वां जिला स्तरीय वन महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम मे 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनसहभागिता से एक साथ 8 हजार से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अलवर को हराभरा एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से मातृ वन में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इसमें जिला प्रशासन, वन विभाग व अन्य विभाग, सामाजिक संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमियों और आमजन ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर 8 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व धरती माता के प्रति अपनी कृतज्ञता जताने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए एक पेड़ मां के नाम अभियान आज जन-जन का अभियान बन गया है जिसमें संपूर्ण देश में पौधे लगाने की एक ललक दिखाई दे रही है।



### मौजूदा ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से हारे

# लक्ष्य सेन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में हारे, अब भी कांस्य की उम्मीद

**एजेंसी** | पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 के 8वें दिन शनिवार को भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन को बैडमिंटन पुरुष एकल के सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से हार का सामना करना पड़ा है। विक्टर ने कड़े मुकाबले में लक्ष्य को सीधे सेटों में 22-20, 21-14 से हराया। हालांकि, लक्ष्य अभी भी पेरिस में पदक जीत सकते हैं, क्योंकि वह सोमवार को ब्रॉन्ज मेडल के लिए मुकाबला खेलेंगे। भारत के 22 वर्षीय युवा शटलर ने धमाकेदार अंदाज में मुकाबले की शुरुआत की। लक्ष्य ने आक्रमण रुख अपनाया और मिड ब्रेक तक 11-9 के स्कोर के साथ 2 प्वाइंट्स की बढ़त बना ली। इसके बाद भी लक्ष्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और विरोधी खिलाड़ी को कोई मौके नहीं दिए। लक्ष्य पहले सेट में एक समय पर 18-15 से आगे चल रहे थे। लेकिन विक्टर ने जबरदस्त वापसी करते हुए स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया और इसके बाद लगातार दो गेम प्वाइंट लेकर 22-20 से पहला सेट जीत लिया।

#### दूसरा सेट भी हुआ रोमांचक

दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरा सेट भी बेहद रोमांचक रहा। दूसरे गेम में एक्सेलसन ने 7-0 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। हालांकि, लक्ष्य सेन ने मिड ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। लेकिन इसके बाद दोबारा उन्होंने अपनी बढ़त गंवा दी और दूसरा सेट चिर-प्रतिद्वंदी विक्टर एक्सेलसेन से 14-21 से हारकर सेमीफाइनल से बाहर हो गए।



## नीरज चोपड़ा पर टिकी की निगाहें, कल है मुकाबला

**पानीपतः** पेरिस ओलंपिक में अभी तक भारत का प्रदर्शन खास नहीं रहा। अंक तालिका में भारत फिलहाल तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ टॉप 50 से भी बाहर है। ऐसे में देश की उम्मीद हरियाणा के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा पर टिकी है। उम्मीद है कि नीरज चोपड़ा गोल्ड पर निशाना साधकर अंक तालिका में भारत की स्थिति को मजबूत करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 6 अगस्त से क्वालीफाइंग मैच खेलेंगे। क्वालीफाइंग मैच के बाद 8 तारीख को फाइनल मैच होगा।

नीरज चोपड़ा ने चाचा से की फोन पर बातः

नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने बताया कि उनकी शनिवार को नीरज चोपड़ा से बात हुई थी। नीरज ने बताया कि वो लगातार प्रैक्टिस कर रहे हैं। नीरज ने भरोसा जताया कि इस बार भी उनकी मेहनत जरूर रंग लाएगी। उन्होंने कहा कि देशवासियों की निगाहें फिलहाल नीरज चोपड़ा पर हैं। उम्मीद है कि वो एक बार फिर से गोल्ड मेडल जीत कर देश का नाम रोशन करें। नीरज के चाचा ने बताया कि वो लंबे समय से परिवार से दूर है।



## शूटिंग में लगा एक और बड़ा झटका, विजयवीर-अनीश फाइनल से हुए बाहर

**पेरिसः** पेरिस ओलंपिक शूटिंग प्रतियोगिता के नौवें दिन तीन भारतीय निशानेबाजों ने फ्रेंच नेशनल शूटिंग सेंटर रेंज में कड़ी टक्कर दी, लेकिन क्वालीफिकेशन राउंड के अंतिम चरण तक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के बाद फाइनल में जगह नहीं बना पाए। इसके साथ ही इस इवेंट में उनका सफर खत् हो गया है। भारतीय शूटर विजयवीर सिद्धू और अनीश भानवाला ने 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में क्वालीफिकेशन के दो चरणों में शानदार प्रदर्शन किया और दूसरे रैपिड-फायर चरण के अंतिम 10 शॉट तक प्रतिस्पर्धा में बने रहे, लेकिन 92 और 93 का स्कोर बनाकर क्रमशः 9वां और 13वां स्थान हासिल किया। यहां भी शीर्ष छह ने फाइनल में जगह बनाई।

भारत के ये दोनों निशानेबाजों ने पहले प्रिसीजन स्टेज में 293 का स्कोर बनाया और रैपिड-फायर राउंड में पांचवें और सातवें स्थान पर पहुंचे। विजयवीर ने पहले दो रैपिड-फायर सीरीज में 100 और 98 का स्कोर बनाया और एक समय दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि अनीश ने भी 99 और 97 का स्कोर बनाया और शीर्ष छह के संपर्क में बने रहे। अंतिम राउंड ने सब कुछ बदल दिया।



## 7 दिन का खेल और बाकी, अब तक भारत ने 3 मेडल जीते

**पेरिस** । पेरिस ओलिंपिक्स का आरंभ 26 जुलाई को हुआ था। जेंडर समानता को लेकर इस ओलिंपिक्स के आठ दिन बीत हो चुके हैं। इस बार महिला खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतने में पुरुषों से आगे हैं। पेरिस ओलिंपिक-2024 की ओपनिंग सेरेमनी की सीन नदी की लहरों पर हुई थी। पहली बार इन खेलों की ओपनिंग सेरेमनी किसी स्टेडियम के बाहर रखी गई। पेरिस ओलिंपिक में इस बार 206 देशों ने भाग लिया हैं।

#### 22 खिलाड़ी अभी नहीं उतरे फील्ड पर

पेरिस ओलिंपिक में अब केवल 7 दिन ही बचे हैं। जिसमें भारत के पास कई मेडल जीतने के चांस है। इसके बाद भारत की सबसे बड़ी उम्मीद एथलेटिक्स में हैं। भारत ने एथलेटिक्स में 27 खिलाड़ी भेजे हैं। इनमें से सबकी निगाहें जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा पर हैं। उनका इवेंट 6 अगस्त को है। इस खेल के 27 में से 22 खिलाड़ी अभी ट्रैक एंड फील्ड पर नहीं उतरे हैं।

#### 128 साल में पहली बार गेम्स में बराबरी की बात

पेरिस ओलिंपिक को 7 दिन से ज्यादा हो चुके हैं। इस बार महिला खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतने में पुरुषों से आगे हैं। अब तक टॉप-5 देशों ने 53 गोल्ड जीते हैं। इनमें 27 महिला एथलीट्स, जबकि 26 पुरुष एथलीट्स हैं। यानी गोल्ड मेडल में महिला एथलीट की हिस्सेदारी 51% है। ये 5 देश कुल 160 मेडल जीत चुके हैं। इनमें महिला-पुरुष एथलीट्स के 80-80 मेडल हैं। भारत में भी मेडल जीतने का प्रतिशत 50-50 है। ये आंकड़े खास इसलिए हैं क्योंकि पेरिस गेम्स लैंगिक समानता वाले पहले ओलिंपिक हैं। 128 साल के इतिहास में पहली बार महिला-पुरुष खिलाड़ियों की सहभागिता बराबर है। टोक्यो ओलिंपिक के पहले 7 दिन में भारत केवल 1 मेडल जीत पाया था। पिछले टोक्यो गेम्स में मीराबाई चानू, वेटलिफ्टिंग में सिल्वर जीता था, लेकिन इस बार भारत ने पहले 7 दिन में 3 मेडल जीते हैं। ये तीनों मेडल शूटिंग में आए हैं। भारत के 117 सदस्यीय दल में से 40 खिलाड़ी यानी 34% बाहर हो चुके हैं।

## Yuva स्टोरीज



### राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर जनजागरूकता महाअभियान का आयोजन

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान रचना शरीर विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर 30 जुलाई से 3 अगस्त तक जनजागरूकता महाभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर के सामोद मे राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा बड़ी संख्या में अंगदान जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि अंगदान से हम कई जीवन को बचा सकते है, हमें अंगदान के लिये जागरूक होने की जरूरत है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रचना शरीर विभाग के द्वारा महर्षि दधीचि देहदान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अब तक संस्थान में 29 देहदान हो चुके है। रचना शरीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील यादव ने इस महाअभियान की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर विभाग द्वारा आमजन को अंगदान के लिए जागरूक करने के लिये पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन एवं कविता लेखन, निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जनजागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों को अंगदान के लिये शपथ दिलाई गई।

### डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर मिलेंगे कंफर्मेशन पेज, OMR शीट व स्कोर कार्ड

**कोटा।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET UG 2024) के सभी कैंडिडेट्स के लिए खुशखबरी है। उनके परीक्षा के रिकॉर्ड को अब डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर अपलोड किया जाएगा। यह काम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी करेगी। इसके बाद अभ्यर्थी इन्हें वहां से डाउनलोड कर सकता है। इसके संबंध में एक नोटिफिकेशन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार को जारी किया है। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा का कहना है कि परीक्षा में शामिल हुए 23.33 लाख कैंडीडेट्स के रिकॉर्ड को डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर अपलोड किया जा रहा है। इसमें कैंडीडेट्स का कंफर्मेशन पेज, ओएमआर शीट्स और स्कोरकार्ड शामिल है। वर्तमान में यह सब कुछ समय के लिए ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वेबसाइट पर उपलब्ध रहता है। समय निकल जाने के बाद इन्हें हटा दिया जाता है, लेकिन आने वाले दिनों में ऐसा नहीं होगा। कैंडिडेट इन्हें कभी भी डाउनलोड कर सकता है। देव शर्मा ने यह भी बताया कि उनसे जुड़ी हुई कई शिकायत नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को मिलती है। कई बार यह वेबसाइट पर से डाउनलोड नहीं होते हैं। ऐसे में अब यह सुविधा परमानेंट कैंडिडेट्स को मिलने लग जाएगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में 5 मई को नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा का परिणाम 4 जून को जारी किया गया था। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट तक मामला परीक्षा परिणाम और गड़बड़झाले के आरोप को लेकर गया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नीट यूजी का परिणाम 26 जुलाई को जारी कर दिया था। इसके बाद मेडिकल काउंसलिंग कमिटी ने भी 14 अगस्त से काउंसलिंग शुरू होने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### हरियाली तीज पर शिक्षा विभाग के सघन पौधारोपण अभियान की होगी शुरुआत

# घर में एसी के लिए लगाने होंगे 50 पौधे, वाहन चालकों को भी दिया गया पेड़ लगाने का लक्ष्य

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सरकार 7 अगस्त को हरियाली तीज पर प्रदेशभर में वृहदस्तर पर पौधारोपण अभियान की शुरुआत करने जा रीह है। अभियान के तहत प्रदेशभर में एक साथ एक करोड़ से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आम लोगों को भी पौधे लगाने का टारगेट दिया गया है। बाइक चलाने वाले को 5 पौधे लगाने होंगे। कार मालिक को 10 पौधे, ट्रक-बस मालिक को 20 पौधे लगाने होंगे।

घर में एसी होने पर 50 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने यह जानकारी इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में पत्रकार वार्ता में दी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हम लोगों को डंडे के बल से पौधारोपण करने के लिए नहीं कह सकते हैं। हम उनसे आग्रह कर रहे हैं कि वह पौधारोपण करें। पौधारोपण लगाने के बाद उस पौधें की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिलाई जाएगी। साथ ही उस पौधे का हरसाल जन्म दिवस भी मनाया जाएगा। पौधारोपण के लिए प्रेरित करने के लिए 17 प्रमुख हस्तियों को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। पत्रकार वार्ता में पंचायती राज विभाग के शासन सचिव रवि जैन सहित शिक्षा व पंचायती राज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



#### 200 पौधों की सुरक्षा करेगा मनरेगा मजदूर

दिलावर ने कहा कि पौधों की देखभाल के लिए भी सरकार की ओर से व्यवस्था की गई है। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर 200 पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी मनरेगा कर्मचारियों को दी जाएगी। वह पौधों की देखभाल के साथ उनमें पानी डालने का काम करेगा। वहीं शहरी क्षेत्र में ये जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी गई है। इसके लिए कंट्रोल रूम भी शुरू होगा। जो लोग पौधे खरीदने में सक्षम नहीं है। वह स्थानीय निकाय और जिला प्रशासन से पौधे हासिल कर सकते हैं।

#### 37 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पौधरोपण के लिए 37 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट शिक्षा विभाग को जारी किया गया है। इसके तहत प्राइमरी स्कूल को 15,000, मिडिल स्कूल को 35,000 और सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए 55,000 रुपए देने का प्रावधान रखा गया है। इससे पौधरोपण के दौरान टीचर्स को किसी तरह के साधन संसाधन की कमी नहीं रहेगी। अधिकारियों में समसा के वर्गों के साथ की है।

#### 15 तेज तापमान वाले शहरों में 7 राजस्थान के

शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व में पंद्रह शहरों का तापमान ही सबसे ज्यादा है। इनमें 7 शहर तो अपने राजस्थान के है। ऐसे में इन बढ़ती गर्मी को रोकने और आम जनता की जान बचाने के लिए हरियाली तीज के मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' सघन पौधरोपण अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसमें शासन और प्रशासन जनता के साथ मिलकर राजस्थान को हरा-भरा और खुशहाल बनाने के लिए काम करेगा।

#### स्टूडेंट से लेकर टीचर्स तक को लगाने होंगे पौधे

दिलावर ने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कक्षा एक से 12वीं तक के स्टूडेंट्स को भी लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत प्रत्येक स्टूडेंट को उनके परिवार में जितने सदस्य हैं, उतने पौधे लगाने हैं। औसतन कम से कम 5 पौधें प्रत्येक विद्यार्थी को लगाने होंगे। इसके साथ ही तृतीय श्रेणी टीचर को 5 पौधें, द्वितीय श्रेणी के अध्यापक को 10 पौधें तथा व्याख्याता को कम से कम 15 पौधें लगाने होंगे। पौधरोपण के बाद स्टूडेंट्स और टीचर्स को पौधों की फोटो जियो टैगिंग के साथ ऐप पर अपलोड करनी होगी। सभी पौधों की ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी।

## नए नियम से खुली पदोन्नति की राहें

**बेधड़क** | जयपुर

केबिनेट मीटिंग में राजस्थान सरकार के द्वारा कर्मचारी हित में कई निर्णय लिए गए हैं। जिससे बहुत से विभागों में कोर्ट केस के कारण डीपीसी रुकी हुई थी, अब इस नियम से वो अस्थाई रुप से पूरी हो जाएगी और शिक्षा विभाग को सबसे ज्यादा फायदा होगा। राज. शिक्षक संघ (सियाराम) मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है। राजस्थान सेवा नियम 1951 का नियम -26, राजकीय सेवा में स्थाई नियुक्त उन कार्मिकों के वेतन निर्धारण के लिए दिशा निर्देश प्रदान करता है। इनमें जो पहले से राजकीय सेवा में कार्यरत है तथा सीधी भर्ती से उसी विभाग या अन्य विभाग में समान अथवा उच्च पद पर नियुक्ति प्राप्त करते हैं। नियम 26 केवल स्थाई नियुक्ति वाले कार्मिकों के लिए ही होने के कारण अस्थाई पदोन्नति पर वेतन निर्धारण नहीं किया जा सकता है, इसलिए पूर्व में कोर्ट का मामला होने पर सरकारें पातेय वेतन पदोन्नतियां करती थी।

**कार्यक्रम** | प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त राज्य की ओर अग्रसर

# प्लास्टिक उपयोग न करने की शपथ लेकर मनाई हरियाली तीज

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से राज्य को प्रतिबंधित प्लास्टिक से मुक्त करने को लेकर राज्य व्यापी स्तर पर चलाई जा रही मुहिम के तहत मंडल अधिकारियों द्वारा न केवल घरों, दुकानों एवं व्यापारिक संस्थानों पर जाकर कपड़े के थैले वितरित किये जा रहे है बल्कि सामाजिक कार्यक्रमों में जाकर भी जन जागरूकता के तहत कपड़े के थैले वितरित कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलवाई जा रही है।



राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने कहा कि राज्य लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त राज्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर इस संकल्पना को साकार करने का प्रयास किया है।

मंडल की इस मुहीम के तहत एमएनआईटी से सम्बंधित महिलाओं ने हरियाली तीज का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर उन्होंने न केवल पेड़ पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया बल्कि प्रतिबंधित प्लास्टिक काउपयोग नहीं करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.जयश्री काला की अध्यक्षता में कपड़े के थैले वितरित किये गये साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले अल्प एवं दीर्घकालिक नुकसानों के प्रति जागरूक किया गया।

#### समाज को नई दिशा देने में समाज और महिलाओं की अहम भूमिका

सचिव एन विजय ने कहा कि समाज को एक नई दिशा देने में एवं समाज के विकास में महिलाओं का योगदान अहम है क्योंकि महिलाएं परिवार में मुखिया के रूप में होती है और परिवार की सदस्यों की आदतों को तय करने एवं बदलने में महिलाओं की भूमिका अहम् रहती है ऐसे में प्रतिबंधित प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग एवं घर में प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाकर वे न केवल पर्यावरण संरक्षण में अहम् योगदान दे सकती है। बल्कि राज्य को प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त राज्य बनाने की दिशा में भी अहम भूमिका अदा कर सकती है। ऐसे में समाज के अन्य वर्गों के साथ महिलाओं को प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें कपडे के थैले वितरित कर प्रतिबंधित प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने के लिए शपथ भी दिलवाई जा रही है।

# जितनी अधिक आवाजाही उतनी बड़ी आपदा



सुरेश भाई
पर्यावरणविद व
सामाजिक कार्यकर्ता

इस बार जितनी देर से बारिश शुरू हुई है। उतना ही जल्दी जानलेवा आपदा आ गयी है। जुलाई के अंतिम सप्ताह से चारधाम की सड़के ध्वस्त होने लगी है।आवागमन के पैदल रास्ते भी नदी में समा रहे हैं। भगवान केदारनाथ इतना क्रोधित है। वह भी स्वीकृति नहीं दे रहा है कि लोग बरसात के समय बेवजह यात्रा करें।थोड़ा इंतजार करें। लेकिन मनुष्य ने तो प्रकृति पर पूरी तरह विजय करने की सोची है। वह हर घाटी से लेकर ऊंचे से ऊंचे पर्वत पर प्रतिकूल मौसम में भी बिना सोचे समझे जा रहा है।

जहां-जहां मनुष्य के कदम पड़ रहे हैं। वहां धरती इतनी संवेदनशील बन गयी कि अब उसे कोई नहीं बचा सकता है। ध्यान रहे कि चारधाम बरसात में सुरक्षित नहीं है। सुरक्षा के नाम पर जितनी भी घोषणाएं करें वह मौसम के सामने बौनी पड़ रही है। यहां हर साल आपदा का आकार बढ़ता ही जा रहा है।केदारनाथ आपदा की तरह ही मंदाकिनी नदी में इस बार फिर से जल प्रलय का जैसा रूप लोगों ने देखा है। स्थिति इतनी विकराल बन गई कि 2 अगस्त तक केदारनाथ पैदल मार्ग पर फंसे लगभग 4000 यात्रियों को रेस्क्यू किया गया जिसमें से लगभग 700 यात्रियों को हेली सेवा से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। मन्दाकिनी नदी में जल स्तर बढ़ने से पैदल मार्ग पर रामवाड़ा में दो पुल और भीम बली में 25 मीटर रास्ता क्षतिग्रस्त होकर बह गया था।जहां से केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को मुश्किल से बचाया जा सका है। पैदल मार्ग पर फंसे यात्रियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। यदि पहले मौसम के अलर्ट की सूचना पर ऋषिकेश में ही यात्रियों को जाने से रोक देते तो समय और खर्च दोनों भी रोका जा सकता था।

> *भिलंगना नदी की सहायक नैलचामी गाड के किनारे बसे हुए जखन्याली नौताड गांव मे मिलने वाले एक गदेरे में रात को आई भीषण बाढ़ ने पति-पत्नी और उनके बेटे की जान ले ली। गांव की खेती, पशु और घरों को बुरी तरह नुकसान हुआ है। यहां पर 10 साल पहले भी बाढ़ आई थी। तब छह लोग मारे गए थे। गांव के घर मलवे में दब गये थे। इसके बावजूद भी यहां पर शेष गांव के हिस्से को बचाने के लिए प्रयास नहीं होने से वही पुनरावृत्ति हुई है।*

उत्तराखंड और हिमाचल मे अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें से 16 लोग उत्तराखंड में मलवे में दबकर मरे हैं हैं और पांच लोग लापता है। हिमाचल में 6 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 53 लोग लापता बताए जा रहे हैं।अब तक वहां पर 300 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। 2023 की आपदा में भी हिमाचल में 10,000 करोड़ का नुकसान हुआ था और लगभग 500 लोग मारे गए थे। इस बार अभी तक यहां दो पावर प्रोजेक्ट ध्वस्त हो गए हैं जिसके कारण दर्जनों लोग लापता है।आपदा की यह जानलेवा घटना कुल्लू, मंडी और रामपुर में अधिक हुई है।हिमाचल की 445 सड़कें यातायात के लिए ठप पड़ी है। जिसको खोलने के लिए राज्य सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में बाहर से आने वाले पर्यटकों ने आपदा की स्थिति को देखकर अपनी बुकिंग कैंसिल की है।जिसके कारण पर्यटन कारोबार पिछले वर्ष की तरह प्रभावित हो गया है।

कुल्लू- शिमला की सीमा पर समेज खड में आई बाढ़ में लगभग तीन दर्जन मकान बह गए हैं। यहां 6 बच्चों समेत 36 लोग भी लापता है। 7 घंटे में सामान्य से 305 मिलीमीटर ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। लगभग 7 पुल बह गए हैं। सतलुज और ब्यास नदियों का जलस्तर खतरे के करीब पहुंचने लगा है। यहां पर श्रीखंड महादेव मार्ग पर करीब 250 लोग फंसे रहे हैं। रामपुर में आई बाढ़ से पांच घर, तीन गाड़ियां, पुल भी बह गये है। शिमला में भी कई जगह भूस्खलन और भू-धंसाव की घटनाएं हो रही है। हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाएं सबसे अधिक विनाश का कारण बन रही है। 2013 की केदारनाथ आपदा के समय भी 24 जल विद्युत परियोजनाओं ने मंदाकिनी और अलकनंदा घाटी का जन- जीवन बुरी तरह प्रभावित किया था। जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। जिसकी पुनरावृति फिर से देखी जा रही है। जिला टिहरी गढ़वाल में बालगंगा और धर्मगंगा पर 26-27 जुलाई की भीषण बाढ़ ने जो विनाश लीला सामने लायी है उसने केदारनाथ आपदा की याद ताजा की है। यहां पर तीर्थ यात्रियों के लिए प्रसिद्ध बूढ़ाकेदारनाथ का मंदिर भी है। जिसके दोनों तरफ ये नदी बहती है। यहां 20 किमी के क्षेत्र में नदी तटों पर निर्माण कार्यों से एकत्रित मलवे के बहने से पैदा हुए भीषण जल प्रलय से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि नष्ट हुई है। लोगों के होटल, मकान, गौशालाएं नदी में समा गये है। यहां पर प्रसिद्ध समाजसेवी स्व०बिहारी लाल जी द्वारा बड़े बांध के विकल्प के रूप में 50 किलोवाट की एक छोटी पन बिजली बनायी गई थी। जो पूरी तरह मलवे में दब गई है। इससे आगे भी तीन मेगावाट की एक लघु जल विद्युत भी ध्वस्त हो गई हैं। क्षेत्र के एक दर्जन पुल जर्जर हो चुके हैं।

आवागमन के रास्ते टूट गए हैं। यहां पर तोली गांव में मां और बेटी की भूस्खलन में दबाकर मौत हुई है। इसी के पास में तिनगढ़ गांव के परिवारों के घरों में मलवा जमा हुआ है।प्रशासन ने एक इंटर कॉलेज में राहत शिविर लगाया है।जहां पर बाढ़ प्रभावितों को भोजन, पानी, रात्रि विश्राम की व्यवस्था दी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाढ़ पीड़ितों से मिल रहे हैं और राहत और पुनर्वास का आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन इन नदियों के दोनों तरफ लोग पूर्व में आपदा से प्रभावित हुए श्रीनगर, उत्तरकाशी और केदारनाथ की तर्ज पर पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं।क्योंकि यहां हालात बहुत चिंताजनक हैं। भारी बारिश के चलते डरे हुए माहौल में लोग रात गुजार रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण के लिए जिस तरह की न्यूनतम राशि की घोषणाएं अब तक हुई है उसके कारण लोगों में रोष भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## एससी-एसटी आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

# आरक्षण पर नया राजनीतिक अखाड़ा तैयार



डॉ. सी.बी. यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जहां एक ओर संसद में जाति जनगणना का मुद्दा उफान पर था, वहीं दूसरी ओर 1 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यों की संविधान पीठ ने 6:1 बहुमत से दिए अपने ऐतिहासिक फैसले में अपने द्वारा पूर्व में 2004 में ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में दिए गए फैसले को पलटते हुए अनुसूचित जाति वर्ग में उप-वर्गीकरण को सामाजिक न्याय की सकारात्मक कार्रवाई अर्थात आरक्षण में न्यायोचित ठहराया है।

अपने इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्पष्ट किया कि इस तरह का उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता है , न ही यह अनुच्छेद 341 (2) की पवित्रता का उल्लंघन करता है। सर्वोच्च न्यायालय इस फैसले में इस बात पर स्पष्ट बल दिया गया है कि उप-वर्गीकरण का आधार वैज्ञानिक पद्धति पर तैयार मात्रात्मक एवं प्रदर्शित किए जाने योग्य डाटा ही हो सकते हैं। इस संबंध में कोई भी नीति या राजनीतिक निर्णय कठोर न्यायिक जांच के अधीन रहेंगे। इस संविधान पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति गवई ने राज्य को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच क्रीमीलेयर की पहचान करने के लिए नीति बनाने का निर्देश दिया ताकि उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर रखा जा सके। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले ने भविष्य में भारत में सामाजिक न्याय अथवा आरक्षण की परिभाषा व नीति को व्यापक तौर पर बदलने की रूपरेखा प्रस्तुत कर दी है। साथ ही इससे भारत की राजनीति में इस फैसले के बहुत ही दूरगामी एवं व्यापक बदलाव के संकेत स्पष्ट दिखाई देते हैं।

> *स्वतंत्र भारत के संविधान में भी अनुच्छेद 14 में विधि के समक्ष समता के साथ-साथ विधि का समान संरक्षण को स्थान देकर आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। अब अनुसूचित जातियों के साथ-साथ अनुसूचित जनजातियों को भी आरक्षण के दायरे में लाया गया। संविधान के भाग 16 के अनुच्छेद 330 से 342 तक आरक्षण संबंधित विशेष उपबंध दिए गए हैं।*

जिसे भारत में आरक्षण कहा जाता है वस्तुतः कानून में इसे सकारात्मक कार्यवाही एवं दर्शन में सामाजिक न्याय कहा जाता है। भारत में आरक्षण की नींव ब्रिटिश शासन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के तार्किक एवं साहसिक प्रयासों से 1929 से 1931 तक आयोजित तीन गोलमेज सम्मेलनों में तैयार हुई। 1932 के पूना पैक्ट के आधार पर इसकी वास्तविक रूपरेखा तैयार हुई। उस समय दलित जातियों को दिए गए आरक्षण का एकमात्र आधार इन जातियों के साथ ऐतिहासिक रूप से अस्पृश्यता को बनाया गया। इसके लिए 1931 की जाति जनगणना को आधार बनाया गया था। इसमें यह भी प्रावधान था कि दलित वर्ग में नई जातियों का प्रवेश केवल इन जातियों की सहमति से ही संभव हो सकता है। स्वतंत्र भारत के संविधान में भी अनुच्छेद 14 में विधि के समक्ष समता के साथ-साथ विधि का समान संरक्षण को स्थान देकर आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया।




अब अनुसूचित जातियों के साथ-साथ अनुसूचित जनजातियों को भी आरक्षण के दायरे में लाया गया। संविधान के भाग 16 के अनुच्छेद 330 से 342 तक आरक्षण संबंधित विशेष उपबंध दिए गए हैं। इसमें अनुच्छेद 341 का संबंध अनुसूचित जातियों एवं अनुच्छेद 342 का संबंध अनुसूचित जनजातियों की सूची से है। इन सूची में बदलाव केवल संसद की अनुमति से ही संभव हो सकता है। 2004 के ई.वी. चिन्नैया के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के पांच जजों की बेंच ने अनुच्छेद 341 के तहत सूची में किसी भी प्रकार के उप-वर्गीकरण को असंवैधानिक करार दिया था। वर्तमान सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में इस फैसले को पलट दिया गया है। वस्तुतः यह फैसला अनुसूचित जातियों पर आया है लेकिन तकनीकी दृष्टि से यह स्वतः ही अनुच्छेद 342 अर्थात अनुसूचित जनजातियों पर भी लागू हो जाता है। इस फैसले पर अलग-अलग वर्गों की प्रतिक्रिया अपने हित एवं अहित को देखकर सामने आ रही है।

दार्शनिक जॉन रॉल्स ने कहा है कि किसी भी निर्णय पर निष्पक्ष एवं तटस्थ न्याय निर्णय अर्थात मूल्यांकन तभी संभव हो सकता है जब अज्ञानता का पर्दा लगा हो। यदि इस दृष्टि से देखा जाए तो पहली नजर में सर्वोच्च न्यायालय के जजों की टिप्पणियां तार्किक एवं न्यायोजित प्रतीत होती है। क्योंकि इस फैसले से आरक्षण का लाभ इन वर्गों की उन जातियों तक पहुंचना संभव हो सकेगा, जो अब तक इनसे वंचित रही या पर्याप्त लाभ नहीं पहुंचा। लेकिन इस फैसले को सही भावना के साथ अमली जामा पहनाना बहुत ही टेढी खीर साबित होगी। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय पर बिना जाति जनगणना एवं सामाजिक अध्ययन के एक कदम भी सही दिशा में आगे बढ़ना संभव नहीं हो सकता। भारत की अब तक की राजनीतिक निर्णय एवं परिस्थितियों को देखते हुए यह भी हो सकता है कि इस फैसले से आरक्षण के लाभ का विस्तार होने की अपेक्षा सामाजिक न्याय की पूरी संकल्पना ही अप्रासंगिक कर दी जाए।

यहां यह विशेष रूप से ध्यान देना होगा कि दलित आरक्षण का आधार केवल ऐतिहासिक अस्पृश्यता है न कि सामाजिक शैक्षिक या आर्थिक पिछड़ापन। क्या कोई ऐसा अध्ययन संभव हो सकता है जिससे समाज में अस्पृश्यता के स्तर का मापन संभव हो सकता है? आर्थिक समृद्धि अथवा भागीदारी से अस्पृश्यता को कभी भी प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसके लिए जिस स्तर के सामाजिक अध्ययन की आवश्यकता है वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में शायद ही रुचि हो। बल्कि इस फैसले को आधार बनाकर अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में उभरी राजनीतिक चेतना को तोड़ने का काम अवश्य हो सकता है। यह कार्य पिछड़े वर्ग की राजनीति में उत्तर प्रदेश एवं बिहार में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

यह भी संभव है कि महादलित नाम की श्रेणियां बनाकर योग्य अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के आधार पर इन वर्गों को मिल रहे वर्तमान आरक्षण के लाभ से भी वंचित कर दिया जाए। इसलिए बेहद जरूरी हो जाता है कि सर्वोच्च न्यायालय की भावना के अनुरूप उप-वर्गीकरण करने व क्रीमी लेयर नीति बनाने से पहले भारत में बड़े स्तर पर सामाजिक अध्ययन व जाति जनगणना की जाए। यह इस पर भी निर्भर करेगा की सर्वोच्च न्यायालय भविष्य में कितनी कठोरता के साथ सामाजिक अध्ययन के मात्रात्मक आंकड़ों पर अपनी निगरानी रखेगा। अन्यथा इस फैसला से भारत की राजनीति में एक नया राजनीतिक अखाड़ा तैयार होने की संभावना अधिक है जिसमें आरक्षण का लाभ वंचित जातियां तक पहुंचाने की स्थान पर पिछड़ा एवं अति पिछड़ा राजनीतिक अखाड़े के समान इन जातियों के भी राजनीतिक इस्तेमाल का मार्ग प्रशस्त हो जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चप्पू भैया 'चालाक' से सीख रहे 'चलाकी'!



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

ईमानदारी से चप्पू भैया 'चालाक' के साथ मिलकर 'चलाकी' सीख रहे हैं। गांव के प्रधान मंत्री ने गांव के विकास तथा लोकल और वोकल के नारे की प्राथमिकता बताते, समझाते, जानते हुए वक्त की नज़ाकत को भांपते हुए उन्होंने अपने बेटे को 'ऑल इन वन' अर्थात 'ए टू जेड' कार्य सीख कर राजनीति में चप्पू को मजबूती प्रदान करने में अपने प्राणों की आहुति तक दे दी इसमें किसी प्रकार का संशय व्यक्त नहीं किया जा सकता है । स्वर्गीय नेताजी का बेटा चप्पू जो राजनीति में हर समय कहीं ना कहीं किसी ने किसी विषय को लेकर अपना चप्पू लगातार चलता ही रहता है । हमें यह बात नहीं भूलना चाहिए कि नेताजी का बेटा चप्पू समय के साथ अब होशियार और समझदार हो गए हैं वैसे भी देखा जाए तो किसी प्रकार का काम सीखने में उम्र बाधा नहीं बनती है चप्पू की ढलती उम्र के कारण उसकी उम्र से बड़े नेता उसे युवा ( बुजुर्ग ) कहकर सम्मान से संबंधित करते हैं । चप्पू की ढलती उम्र के साथ उसकी 'अकल दाढ़' देर से आईं किंतु ( अ ) दुरस्त आई कोई बात नहीं अकल आईं तो सही ?

चप्पू अपनी होशियारी से कभी नई की दुकान पर जाकर शेविंग तथा कटिंग का काम करता है तो कहीं वह आटा चक्की की दुकान पर दाल , मिर्ची , हल्दी इत्यादि पीसने का काम सीख रहा तो कभी-कभी वह किसी ट्रक 'चालक' के साथ बड़ी 'चालाकी' से 'चालक' बनने की कोशिश करता है और तों और वह दर्जी की दुकान पर जाकर टेलरिंग कार्य सीखने की कोशिश कर रहा है और अभी-अभी गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चप्पू मोहल्ले के चाचा 'नानूराम जी' के दुकान पर जाकर उसने जूते , चप्पल की सिलाई लगाने के साथ-साथ इस कार्य की बारिकियां सीखने की कोशिश की है । वह पहले भी अपने मित्र के गैरेज पर जाकर वह पेंचकश , पाने , नट-बोल्ट को जानने के साथ-साथ गाड़ी सुधारने का काम सीख रहा है सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि वहां धर्म के मामले में भी महाभारत पढ़कर सामाजिक संविधान को बता रहा है । चेपू भैया ने कभी किसी काम को छोटा नहीं समझा उसने अभी तक जितने भी काम का प्रशिक्षण लिया उसको देखकर ऐसा लगता है कि वह किसी काम में परफेक्ट नहीं है यह बात तय है । इतना सब कुछ काम सिखने व करने के बाद चेपू भैया ने कभी अपने श्वेत रूपी धवल कपड़ों पर किसी भी प्रकार का 'दाग' लगने नहीं दिया। ऐसा माना जाता है कि किसी भी प्रकार का काम करते हैं तो उस कार्य का दाग़ कहीं ना कहीं लग जाता है । खुशी इस बात की है वह राजनीति की काली कोठरी में रहने के बावजूद भी वह एकदम 'पाक' की तरह नजर आता है और उसकी इसी 'पाक' नियत की वजह से आज भी कई 'पाक' नेता उसकी बात मानते हैं । मगर दुख इस बात का है कि गांव, नगर के कुछ नेता उसकी इस अथक मैराथन मेहनत और ईमानदारी की वजह से ज्वलंता की भावना रखते हुए उस पर विभिन्न प्रकार का आरोप , प्रत्यारोप लगाकर अपने राजनीति की रोटियां सेंकने में लगे हैं और उस पर कभी-कभी तो मानहानि का दावा तक ठोक देते हैं आखिर चप्पू राजनीतिक खानदान का एक 'लोटा चिराग' जो हैं ।

आने वाले दिनों में चप्पू किसी से कम नहीं पड़ने वाला है क्योंकि वह कल भी चप्पू था आज भी चप्पू है और कल भी चप्पू ही रहेगा इसलिए चप्पू चलता रहेगा । चलता रहेगा । चलता रहेगा । क्योंकि बाबू मोशाय चप्पू 'चालक' बनने के लिए बड़ी 'चालकी' से किसी 'चालाक' के साथ 'चलाकी' सीख रहा है । समय को देखते हुए इसमें कोई दो 'राय' व्यक्त नहीं की जा सकती है।

## नॉलेज कॉर्नर: जम्मू-कश्मीर के बांडीपोरा जिले में है वुलर झील

# इस झील का पानी है देश में सबसे मीठा

इस संसार में जल कितना जरूरी है, इससे हर प्राणी भली-भांति वकिफ है। जल न हो तो इस जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पृथ्वी के लगभग 70 प्रतिशत हिस्से में पानी भरा है, मगर केवल 3 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है, ऐसे में जल की महत्ता और अधिक बढ़ जाती है। भारत में भी कई ऐसे स्रोत हैं, जिनसे मीठा जल प्राप्त किया जा सकता है। इनमें जम्मू-कश्मीर में स्थित वुलर झील भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। इसके अलावा डल झील, भीमताल झील, नैनीताल झील, लोकटक झील और बड़ा पानी झील भी मीठे पानी का प्रमुख स्रोत हैं। वुलर झील जम्मू-कश्मीर की बड़ी आबादी को जल प्रदान करती है। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### झील के बारे में जानकारी

देश की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील, जिसे वुलर झील के नाम से जाना जाता है, जम्मू- कश्मीर के बांडीपोरा जिले में स्थित है। झेलम नदी के मार्ग में आने के कारण इसमें झेलम नदी का पानी गिरता है। इसके बाद नदी आगे की ओर बढ़ जाती है। अलग-अलग मौसम के अनुसार झील के आकार में कभी विस्तार तो कभी सिकोड़ होता रहता है। इस कारण झील में बड़ी-बड़ी लहरें उठती रहती है। झील के पूर्वी-उत्तरी भाग में 'जैनुल लंक' नामक एक कृत्रिम द्वीप है। इसे 1444 ईस्वी में कश्मीर के सुल्तान ज़ैन-उल-अबदीन ने बनवाया था। इसके बारे में कश्मीरी इतिहासकार जोनराज का कहना है कि सुल्तान ने इसका निर्माण नाविकों को झील में तूफानी स्थितियों में आश्रय देने के लिए करवाया था। शुरुआत में यह द्वीप झील के बीचों-बीच था, लेकिन जैसे-जैसे इसके आकार में बदलाव आया, यह खिसककर कोने में चला गया।



### ऐसे पड़ा यह नाम

कहा जाता है कि प्राचीनकाल में महापद्म देवता वुलर झील के अधिदेवता थे। इस कारण इस झील को 'महापद्मसर' कहा जाने लगा। जैसा कि विदित है झील का आकार काफी बड़ा है तथा इसमें समय-समय पर परिवर्तन होते रहते हैं। झील का आकार 30 वर्ग किलोमीटर से लेकर 260 वर्ग किलोमीटर के बीच बदलता रहता है। इस कारण यहां दोपहर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं। दोपहर के समय झील की शांत सतह पर ऊंची और खतरनाक लहरें उठने लगती हैं, जिन्हें संस्कृत भाषा में 'उल्लल' कहा जाता है। कालान्तर में उल्लल नाम के कारण ही झील का नाम विकृत होकर 'वुलर' पड़ गया। झील की अधिकतम लंबाई 16 किलोमीटर तथा चौड़ाई 9.6 किलोमीटर है।

**देश की सबसे साफ झील**

*इस झील पर तुलबुल परियोजना स्थित है। यह परियोजना वूलर झील पर एक नेविगेशन की तरह है। यह भारत की साफ तथा सबसे बड़ी झील है। यह परियोजना वुलर झील के मुहाने पर एक मार्गदर्शन नियंत्रण संरचना के रूप में है। परियोजना का अधिकतम हिस्सा झेलम नदी पर स्थित है, जो लोगों की आवाजाही का एक महत्वपूर्ण साधन है।* *कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*



**स्वामी अवधेशानंद,** आध्यात्मिक गुरु, संत
@AvdheshanandG
वस्तुतः जीवन की सच्ची उन्नति और महान लक्ष्यों की प्राप्ति में हमारा अहंकार ही सबसे बड़ी बाधा है । अतः सरल विनम्र व निराभिमानी रहें। विद्या संपन्नता और विनम्रता में ही जीवन की सर्वविध उन्नति एवम् सौंदर्य समाहित है।



**जया किशोरी,** कथावाचक
@iamjayakishori
वे आपकी योजनाओं को नहीं समझेंगे, क्योंकि उनके पास स्वयं कोई योजना नहीं है।

**MUDA घोटाला:** भाजपा-जनतादल (एस) का मैसुरु चलो मार्च दूसरे दिन भी रहा जारी... शामिल हुए कई दिग्गज नेता

# सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को भूखंड आवंटन में अनियमितता का आरोप

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक में विपक्षी भाजपा और उसकी सहयोगी जद (एस) का मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के इस्तीफे की मांग को लेकर सात दिवसीय मैसुरु चलो मार्च रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों पार्टियों ने कांग्रेस सरकार एवं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को घेरने का प्रयास किया।

भाजपा व जद (एस) मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में भू-आवंटन घोटाले में सिद्दारमैया की कथित संलिप्तता का आरोप लगा रही हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि एमयूडीए ने उन लोगों को मुआवजे के तौर पर भूखंड वितरित करने में अनियमितता बरती, जिनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। मुआवजे के तौर पर भूखंड प्राप्त करने वालों में सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती भी शामिल हैं। आरोप है कि पार्वती को मैसुरु के एक 'पॉश' इलाके में मुआवजे के तौर पर ऐसा भूखंड आवंटित किया गया, जिसका मूल्य उनकी उस जमीन की तुलना में अधिक था, जिसका एमयूडीए ने अधिग्रहण किया था।

पदयात्रा दूसरे दिन रविवार को बिदादी से शुरू हुई। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं विधायक




बी वाई विजयेंद्र, जद (एस) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवधी नारायणस्वामी, जद (एस) नेता निखिल कुमारस्वामी, दोनों दलों के कई विधायक, नेता और कार्यकर्ता रविवार को बिदादी से शुरू हुए मार्च में शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान भाजपा और जद(एस) के झंडे और तख्तियां लिए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के बीच सिद्धारमैया और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारे लगाते देखा गया। शनिवार को बेंगलुरु के पास केंगेरी से शुरू हुए इस मार्च के पहले दिन बिदादी तक 16 किलोमीटर की दूरी तय की गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और जद(एस) यूथ विंग के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी ने शनिवार को मार्च की शुरुआत की थी। सात दिवसीय मार्च का समापन दस मार्च को मैसुरु में एक जनसभा के साथ होगा।

### अब कांग्रेस के साथ जाने का सवाल ही नहीं: कुमारस्वामी

यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि भाजपा और जदएस के कार्यकर्ता मिलकर काम करें। मेरे लिए मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह महत्वपूर्ण नहीं है। आप सबके आशीर्वाद से मैं दो बार कर्नाटक का सीएम रहा। कर्नाटक और यहां के लोगों का विकास मेरे लिए जरूरी है। मैं आने वाले दिनों में आपके लिए काम करूंगा। मेरा लक्ष्य भाजपा-जद(एस) गठबंधन सरकार को वापस लाना है। जो हर परिवार के कल्याण की देखभाल करेगी। कांग्रेस के साथ 14 महीने तक सरकार चलाने के अनुभव को लेकर कुमारस्वामी ने कहा कि अब मेरा कांग्रेस में जाने का कोई सवाल ही नहीं है। मैं मुख्यमंत्री बनने नहीं आया था। वो तो आप लोगों ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन मैनें पैसा लूटने की कोशिश नहीं की।

### सीएम सिद्धारमैया ने किया आरोपों को खारिज

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एमयूडीए ने मैसूर के बाहरी इलाके केसरूर में उनकी पत्नी की चार एकड़ जमीन पर अवैध रूप से एक 'लेआउट' बनाया, लेकिन उसे अधिग्रहित किए बिना। उनके अनुसार, उनकी पत्नी मुआवजे की हकदार थीं और इसलिए उन्हें एमयूडीए द्वारा जमीन आवंटित की गई। वहीं, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एमयूडीए घोटाले और उनके कार्यकाल के दौरान जवाबदेही की कमी के मुद्दे पर भाजपा और जेडीएस को आड़े हाथों लिया और उन पर भ्रष्टाचार के 'पिता, माता, भाई, बहन और रिश्तेदार' होने का आरोप लगाया है।

### पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने किया दिल्ली मेट्रो में सफर



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल सेक्युलर पार्टी के अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा रविवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। इस दौरान पूर्व पीएम के साथ मेट्रो के आला अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले जेडीएस प्रमुख ने शनिवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने संग्रहालय की सराहना की। देवेगौड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करना एक अभिभूत करने वाला और विनम्र अनुभव था। उन्होंने संग्रहालय की परियोजना की कल्पना करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी।

### भाकपा झारखंड में 20-25 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक में नेताओं ने यह निर्णय लिया कि पार्टी राज्य में पूरे दमखम से विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने राज्य की 20 से 25 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। भाकपा झारखंड के नए प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार जरूर बन गई, लेकिन 400 पार के दावे खोखले साबित हुए। लोग मोदी को सत्ता से हटाना चाहते थे। विपक्षी गठबंधन इंडिया में सही गठबंधन नहीं होने के चलते तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनी। उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और लाचारी से त्रस्त है। यही वजह है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाकपा पूरी मजबूती से उतरेगी। उनके कार्यकर्ता सभी विधानसभाओं में अपनी सक्रियता बढ़ाएंगे। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने, केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर करने व दमखम से चुनाव लड़ने के लिए अभियान चलाएंगे।

**गृह मंत्री शाह ने चंडीगढ़ की जनसभा में विपक्ष पर साधा निशाना**

# 2029 में भी राजग-मोदी आएंगे यह कार्यकाल करेंगे पूरा: शाह

एजेंसी | चंडीगढ़

हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा के 240 सीटों पर सिमटने के बाद पहली बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी केंद्र में सरकार बनाएगा।

शाह चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति परियोजना करने वाली परियोजना के लोकार्पण के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष जो भी कहना चाहे, कह सकता है। मगर, आप चिंता मत कीजिए।

वर्ष 2029 में भी नरेंद्र मोदी ही आएंगे। शाह ने कहा, ये लोग जो अस्थिरता फैलाना चाहते हैं, बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलने वाली है। मैं उन्हें आश्वस्त करने आया हूं कि न केवल सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी, बल्कि अगली सरकार एनडीए की होगी। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहो और विपक्ष में रहकर ठीक से काम करने का तरीका सीखो। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि कांग्रेस को 3 चुनावों में जितनी सीटें मिली थीं, उससे कहीं ज्यादा सीटें इस चुनाव में भाजपा ने जीती हैं। उन्होंने कहा कि वे यह नहीं जानते कि राजग के एकमात्र घटक दल भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की कुल सीट से अधिक सीट हैं। शाह का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब विपक्ष की तरफ लगातार यह दावा किया जा रहा है कि मोदी सरकार 3.0 का कार्यकाल पूरा नहीं होगा। इसके अलावा विपक्ष और दूसरे राजनीतिक हलकों में लगातार यह सवाल उठा रहा है कि पीएम मोदी की जगह कौन लेगा?

### आजादी के पहले कानून लागू तो देश कैसे कहा जाए स्वतंत्र

शाह ने ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-समन सिस्टम के उद्घाटन के एक अन्य कार्यक्रम में तीन आपराधिक कानूनों की सराहना करते हुए कहा कि इन कानूनों में सजा का कोई प्रावधान नहीं है, इनका उद्देश्य न्याय देना है। अगर कोई सुधार 10 साल बाद सबसे बड़ा सुधार साबित होता है, तो वह तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन होगा। गृह मंत्री ने



कहा कि किसी देश को स्वतंत्र कैसे माना जा सकता है, यदि उसकी आपराधिक न्याय प्रणाली वही है, जो किसी दूसरे देश की संसद ने तब पारित की थी, जब वह स्वतंत्र नहीं था? बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता), बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) और बीएसए (भारतीय साक्ष्य अधिनियम), तीनों ही हमारे लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा बनाए गए हैं।




### जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन

इससे पहले शाह ने मनीमाजरा में जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी उपस्थित थे। कुल 75 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित इस परियोजना से मनीमाजरा के 1 लाख से अधिक निवासियों को लाभ मिलेगा।

**असम:** बनेंगे नए कानून... राज्य में जन्मे लोगों को मिलेगी सरकारी नौकरी

## लव जिहाद के मामलों में होगा आजीवन कारावास

एजेंसी | गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द ही लव जिहाद में आजीवन कारावास की सजा के लिए नया कानून लाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द ही एक नई अधिवास नीति पेश की जाएगी, जिसके तहत केवल असम में जन्में लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के लिए पात्र होंगे।

सरमा ने गुवाहाटी में राज्य भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में यह बयान दिया। सीएम सरमा ने कहा, हमने चुनाव के दौरान लव जिहाद के बारे में बात की थी। हम जल्द ही एक कानून लाएंगे, जिसमें ऐसे मामलों में आजीवन कारावास की सजा होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व वादे के अनुसार प्रदान की गई एक लाख सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिली है, जो पूरी सूची प्रकाशित होने पर स्पष्ट होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री को लेकर भी फैसला किया है। राज्य सरकार इस तरह के लेनदेन को रोक नहीं सकती है, लेकिन आगे बढ़ने से पहले मुख्यमंत्री की सहमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

### जन्म प्रमाणपत्र के साथ ही बच्चों को मिलेंगे आधार कार्ड

सरमा ने यह भी कहा कि असम सरकार राज्य के 13 मेडिकल कॉलेजों में नवजात शिशुओं को जन्म प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड जारी करने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं के जन्म के कुछ दिनों के भीतर ही आधार कार्ड जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शुरू में यह परियोजना केवल जिला के मेडिकल कॉलेजों में शुरू की जाएगी। उसके बाद यह योजना पूरे राज्य में लागू की जाएगी, ताकि बच्चों को उनके जन्म के साथ ही आधार कार्ड मिल जाए और उनके परिजनों को इसके लिए कतार में नहीं लगना पड़े। उन्होंने कहा कि असम सरकार गरीबी रेखा के नीचे के युवाओं के लिए विशेष योजना शुरू की है। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले युवाओं को उद्योग लगाने के लिए दो लाख रुपए देने की योजना शुरू की गई है। इसके लिए पहले चरण में 16 अगस्त से 5 सितंबर तक जिलों में इंटरव्यू लिए जाएंगे और 30 सितंबर तक धनराशि का वितरण किया जाएगा।

**झारखंड:** विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश का बड़ा दांव

## सरयू राय ने थामा जदयू का दामन

एजेंसी | पटना

झारखंड के पूर्व मंत्री और निर्दलीय विधायक सरयू राय अब जदयू में शामिल हो गए हैं। सरयू राय जमशेदपुर पूर्वी सीट से निर्दलीय विधायक हैं और पहले मंत्री भी रह चुके हैं।

जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने पटना में आयोजित एक सादे समारोह में सरयू राय को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, नीतीश सरकार के मंत्री श्रवण कुमार और अशोक चौधरी भी मौजूद थे। सरयू राय के आने से जदयू को



विधानसभा चुनाव में फायदा होगा। संजय झा ने सरयू राय के पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि उनके आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरयू राय का जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है।

### विधानसभा को लेकर जदयू की तैयारी

जदयू बिहार में सत्ताधारी पार्टी है और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। झारखंड में जदयू का ज्यादा जनाधार नहीं हैं। ऐसे में सरयू राय के जदयू में शामिल होने को पार्टी के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। राजग में शामिल जदयू की ओर से झारखंड विधानसभा चुनाव में 11 सीटों पर दावेदारी की गई है। इसे लेकर पिछले दिनों जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक शिष्टमंडल ने पटना में सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की थी।

**गैंगरेप प्रकरण पर गरमाई सियासत**

## पीड़िता के परिजनों से मिला BJP प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या गैंगरेप प्रकरण को लेकर सियासत गरमाने लगी है। भाजपा नेताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है, वहीं अखिलेश ने इस मामले में न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। इस बीच, भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की और पीड़ित परिवार को सभी प्रकार के मदद का आश्वासन दिया। तीन सदस्यीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने लगभग आधा घंटा तक वहां रहकर एक-एक बिंदु पर जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, राज्य सभा सांसद संगीता बलवंत, बाबू राम निषाद शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल इसके बाद जिला महिला अस्पताल पहुंचा, जहां पीड़िता का हाल जानने के बाद उसे ढांढस बंधाया। उपस्थित चिकित्सकों से स्वास्थ की जानकारी ली। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के निशाने पर समाजवादी पार्टी भी रही। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने आखिर अपने रूप को दिखा दिया है। देश-प्रदेश की जनता देख रही है।

### मौर्य ने साधा अखिलेश पर निशाना

वही, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में सपा नेता अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पीड़िता के मामले में पहले आप पीडीए भूल गए। अब डीएनए और अदालत की बात कर गुमराह न करें। आपको वोट बैंक के नाराज होने की चिंता है । सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाएगी।

### न्यायालय स्वत संज्ञान ले: अखिलेश यादव

इस बीच, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार सुबह सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में अपील की है कि सरकार पीड़िता को अच्छी चिकित्सीय प्रबंध कराए। बालिका के जीवन की रक्षा की ज़िम्मेदारी सरकार की है। न्यायालय से विनम्र आग्रह है कि स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाएं।

**कांग्रेस का विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन**

# MVA में बड़ी भूमिका चाहती है पार्टी, 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की मंशा

एजेंसी | मुंबई

हाल में हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक के रूप में मिली सफलता से उत्साहित कांग्रेस ने राज्य में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

मुंबई कांग्रेस व महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस की रविवार को हुई बैठक में अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद अब पार्टी एमवीए में बड़े भाई की भूमिका चाहती है। उसकी



मंशा विधानसभा चुनाव में राज्य में सबसे ज्यादा सीट यानी की डेढ़ सौ सीट पर लड़ने की है। हालांकि उसके नेता खुलकर नहीं बोलना चाह रहे हैं, लेकिन सूत्रों की मानें तो कांग्रेस अपने संगठन की बदौलत बड़ी भूमिका चाहती है। पार्टी ने रविवार की बैठक में इसी बात पर मंथन किया कि सीटों के बंटवारे को लेकर समन्वय कैसे स्थापित किया जाए? महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे को लेकर जल्द ही बैठक होने की संभावना है।

### 20 अगस्त को राजीव की जयंती पर मुंबई में जुटेंगे कांग्रेस नेता

इस बैठक में मुख्य तौर पर कांग्रेस ने चुनावी तारीख घोषित होने के पहले ही अपनी चुनावी प्रचार की तारीख हिघोषित कर दी है। 20 अगस्त को स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिन है। मुंबई में ही उनका जन्म भी हुआ था। ऐसे में 20 अगस्त को मुंबई में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के कई केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया है, जो प्रचार अभियान का ही एक हिस्सा है।

### एमवीए नेताओं के साथ बैठक संभव



महाराष्ट्र कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने दावा किया है कि 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन के मौके पर महा विकास अघाड़ी के बीच बैठक होगी। उन्होंने आगे कहा, इस बैठक में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे भी शामिल होंगे। सीट बंटवारे को लेकर इसी दौरान बात होगी। सीएम की कुर्सी को लेकर अभी कुछ तय नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव में जैसे महा विकास आघाड़ी ने एक साथ चुनाव लडा था, वैसे ही विधानसभा चुनाव भी राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) साथ लड़ेंगी। ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट के लिए इस साल अक्टूबर में चुनाव होने हैं। ऐसे में सभी पार्टियां अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाने में जुट गई है।

### लोकसभा चुनाव में कांग्रेस रही सबसे आगे, इसलिए उत्साहित

महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो यहां 48 सीटों में से कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 13 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को भी 9 सीटों पर जीत मिली। इसके अलावा शरद पवार गुट की एनसीपी को 8 सीटों पर जीत मिली।भाजपा ने राज्य में 9 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है। सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी को 7 सीटों पर जीत मिली है। जबकि, अजित पवार को एक सीट और एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में आई। पिछले लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा ने 23 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन, इस बार उसे 9 सीटों पर संतोष करना पड़ा।

## जरूरी खबर

### महिला अफसर को धमकाने वाले मंत्री से मांगा इस्तीफा



**कोलकाता।** पूर्व मेदिनीपुर में शनिवार को प. बंगाल सरकार में अतिक्रमण हटाने से नाराज जेल मंत्री अखिल गिरि द्वारा महिला वन अधिकारी को धमकी देने और अपशब्द कहने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य में विपक्षी भाजपा द्वारा व्यापक विरोध के बाद अब टीएमसी ने उनसे इस्तीफा मांगा है। साथ ही पार्टी ने अखिल गिरी से महिला अधिकारी से माफी मांगने को कहा है। वहीं, पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी में गिरि ने कहा कि वह इस्तीफा दे देंगे, लेकिन माफी नहीं मांगेंगे। गिरी रामनगर के विधायक हैं। बता दें कि राज्य वन विभाग की महिला अधिकारी मनीषा साहू को धमकी देने और दुर्व्यवहार करने का वीडियो क्लिप सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया था।

### ईडी की लेह-जम्मू और सोनीपत में छापेमारी




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय की श्रीनगर इकाई ने क्रिप्टोकरेंसी घोटाले के सिलसिले में लेह, जम्मू और हरियाणा के सोनीपत में छह स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी ने इस दौरान एक करोड़ रुपए नकद के साथ में आपत्तिजनक दस्तावेज और संपत्ति रिकॉर्ड जब्त किए हैं। ईडी के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरुआत में एआर मीर और अन्य के खिलाफ धन शोधन मामले में छापेमारी की गई थी। ईडी ने एक पोस्ट में कहा कि यह मामला इमोलिएंट कॉइन नाम की नकली क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए झूठे तरीके से प्रभावित करके निर्दोष लोगों को धोखा देने से जुड़ा है।

### अरुणाचल से दो लापता युवक चीनी सेना के कब्जे में!

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के दो लोग भारत-चीन सीमा पर राज्य के एक सुदूर स्थान से लगभग दो साल से लापता हैं और माना जा रहा है कि वे पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की हिरासत में हैं, जिसने अब तक अपने क्षेत्र में दोनों की मौजूदगी को स्वीकार नहीं किया है। अरुणाचल के दोनों युवक बटेलम टिकरो (35) और उनके चचेरे भाई बैंसी मन्यु (37) 19 अगस्त 2022 से अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के चगलागाम इलाके से लापता हैं। दोनों चीन की सीमा पर एक ऊंची पहाड़ी पर औषधीय जड़ी-बूटियों की तलाश कर रहे थे।

## अंगदान को दें प्रोत्साहन




**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोट्टो) द्वारा आयोजित 14वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने देश में अंगदान की आवश्यकता को पूरा करने के लिए मृत व्यक्तियों और ब्रेन स्टेम मृत व्यक्तियों के अंगदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह में समूह फोटो में अन्य लोगों के साथ मंत्री पटेल।

### राष्ट्रपति मुर्मू तीन देशों की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुईं। वह फिजी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कटोनिवेरे के निमंत्रण पर पांच से सात अगस्त तक वहां की यात्रा करेंगी। मुर्मू फिजी में कटोनिवेरे और प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। उनका फिजी की संसद को संबोधित करने और सदस्यों से बातचीत करने का भी कार्यक्रम है। राष्ट्रपति आठ और नौ अगस्त को न्यूजीलैंड की यात्रा पर जाएंगी। यह आठ वर्षों के बाद भारत के किसी राष्ट्रपति की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। न्यूजीलैंड के गवर्नर जनरल कीरो राष्ट्रपति की यात्रा के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। इसके बाद 10 अगस्त को मुर्मू लोकतांत्रिक गणराज्य तिमोर-लेस्ते जाएंगी।

**केंद्र सरकार कर रहा है 40 से अधिक संशोधनों पर विचार**

# वक्फ एक्ट में बदलाव की तैयारी कम हो सकते हैं कई अधिकार!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही वक्फ अधिनियम में कई बड़े बदलाव कर सकती है। सरकार इसके लिए संसद में अगले हफ्ते एक विधेयक ला सकती है, जिसमें कई संशोधन हो सकते हैं। इसके तहत वक्फ बोर्ड की शक्तियों को कम किया जा सकता है। केंद्र सरकार इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने और उसकी अनियंत्रित शक्तियों पर अंकुश लगाना चाहती है। नए संशोधन का उद्देश्य केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करके उनकी भागीदारी को बढ़ाना भी है।

सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट ने शुक्रवार शाम को वक्फ अधिनियम में 40 से अधिक संशोधनों पर चर्चा की। इसमें वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की जांच करने के लिए संशोधन भी शामिल है। आपको बता दें कि वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लाखों करोड़ रुपए की संपत्तियां हैं। सूत्रों के मुताबिक, विधेयक में अधिनियम की कुछ धाराओं को निरस्त करने का प्रस्ताव है, जिसका मुख्य उद्देश्य वक्फ बोर्डों के पास मौजूद मनमानी शक्तियों को कम करना है।




### दावे का सत्यापन अनिवार्य करने पर विचार

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार वक्फ बोर्ड के दावे का सत्यापन अनिवार्य करने पर सरकार विचार कर रही है। उन संपत्तियों के लिए भी सत्यापन अनिवार्य किए जा सकते हैं, जिनके लिए वक्फ बोर्ड और मालिकों के बीच विवाद है। सूत्रों ने यह भी कहा कि संपत्तियों के अनिवार्य सत्यापन के दो प्रावधान वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर अंकुश लगाएंगे। वर्तमान में इन संस्थाओं के पास किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में टैग करने का अधिकार है। देश भर में वक्फ बोर्ड के पास 8.7 लाख से अधिक संपत्तियां है, जो कि 9.4 लाख एकड़ में फैली हैं।

### 2013 में प्रदान किए गए थे व्यापक अधिकार

2013 में यूपीए सरकार के दौरान मूल अधिनियम में संशोधन लाकर वक्फ बोर्डों को अधिक व्यापक अधिकार प्रदान किए गए थे। इसके बाद वक्फ बोर्ड और संपत्तियों के मालिक के बीच विवाद बढ़ता गया।

### वक्फ एक्ट में बदलाव स्वीकार नहीं होगा: पर्सनल लॉ बोर्ड

इस बीच, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि हम वक्फ एक्ट 2013 में ऐसा बदलाव, जिससे



वक्फ संपत्तियों की हैसियत और प्रकृति बदल जाए या उन्हें हड़पना सरकार या किसी व्यक्ति के लिए आसान हो जाए, स्वीकार नहीं होगा। इसी तरह वक्फ बोर्डों के अधिकारों को कम या सीमित करने को भी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलयास ने अपने बयान में कहा कि वक्फ एक्ट और वक्फ संपत्तियों को भारतीय संविधान और शरीयत एप्लीकेशन एक्ट 1937 भी सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए भारत सरकार इस कानून में कोई ऐसा संशोधन नहीं कर सकती, जिससे इन संपत्तियों की प्रकृति और हैसियत ही बदल जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल मुसलमानों तक सीमित नहीं रहेगा। वक्फ संपत्तियों पर चोट करने के बाद आशंका है कि अगला नंबर सिखों और ईसाइयों की वक्फ संपत्तियों का और फिर हिंदुओं के मठों और अन्य धार्मिक संपत्तियों का भी आ सकता है।

### स्वायत्तता छीनना चाहती है मोदी सरकार

एआईएमआईएम के चीफ और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मोदी सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है और इसके अधिकारों में हस्तक्षेप करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ परिवार का हिंदुत्व एजेंडा वक्फ बोर्डों और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ है। उनके अनुसार, अगर वक्फ बोर्ड की स्थापना और संरचना में संशोधन किया गया तो इससे प्रशासनिक अराजकता पैदा होगी और बोर्ड की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी। ओवैसी ने चेतावनी दी कि इससे वक्फ की स्वतंत्रता प्रभावित होगी और अराजकता का माहौल पैदा होगा।



### मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने की संशोधन की मांग

सूत्रों ने कहा कि इस तरह के कानून की आवश्यकता इसलिए पैदा हुई क्योंकि मुस्लिम बुद्धिजीवियों, महिलाओं और शिया और बोहरा जैसे विभिन्न संप्रदायों द्वारा मौजूदा कानून में बदलाव की लगातार मांग की जा रही है। संशोधन लाने की तैयारी 2024 के लोकसभा चुनावों से बहुत पहले शुरू हो गई थी। सूत्र ने यह भी कहा कि ओमान, सऊदी अरब और अन्य इस्लामी देशों के कानूनों के प्रारंभिक अवलोकन से पता चलता है कि इनमें से किसी भी देश ने इतनी शक्तियां नहीं दी हैं।

**अंगों के ट्रांसपोर्टेशन को लेकर SOP जारी**

# जीतने के लिए जिंदगी की जंग, करनी होगी हर कदम पर मदद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पहली बार अंगों के ट्रांसपोर्टेशन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं ताकि कम से कम समय में अंग प्रत्यारोपण कर जिंदगी की जंग जीती जा सके। सड़क, रेलवे से लेकर वायुमार्ग और जलमार्ग जैसे यात्रा के विभिन्न साधनों के जरिए मानव अंगों के निर्बाध परिवहन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लेकर आया है।

यह एसओपी देशभर में अंग प्रत्यारोपण में शामिल लोगों के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करेगी। अंग परिवहन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के पीछे केंद्र का लक्ष्य कीमती अंगों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना और जीवन-रक्षक प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे अनगिनत रोगियों को आशा प्रदान करना है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा- यह एसओपी देशभर में अंग पुनर्प्राप्ति और प्रत्यारोपण संस्थानों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप हैं।' असल में जब अंग दाता और अंग प्राप्तकर्ता दोनों एक ही शहर के भीतर या अलग-अलग शहरों में अलग-अलग अस्पतालों में हों तो उस जीवित अंग को अस्पतालों के बीच ले जाने की आवश्यकता होती है और वह भी समय से। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोट्टो) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जीवित अंग का परिवहन एक अत्यंत महत्वपूर्ण गतिविधि है क्योंकि अंग की शेल्फ लाइफ सीमित होती है।




### SOP में ये शामिल

विमान सेवा-एयरलाइंस एयर ट्रैफिक कंट्रोल से विमान की प्राथमिकता से टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए अनुरोध कर सकती हैं। वे अंग परिवहन करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्राथमिकता से आरक्षण और देरी से उनके चेक-इन के प्रविधान का भी अनुरोध कर सकती हैं। अंग बाक्स को विमान से एंबुलेंस तक ले जाने के लिए ट्राली की व्यवस्था करनी होगी।

### सड़क परिवहन

ग्रीन कारिडोर प्रदान किया जा सकता है। पुलिस विभाग का एक नोडल अधिकारी प्रत्येक राज्य या शहर में ग्रीन कारिडोर बनाने से संबंधित मुद्दों को संभाल सकता है।

### मेट्रो से परिवहन

मेट्रो यातायात नियंत्रक को मानव अंगों को ले जाने वाली मेट्रो के लिए परिवहन को प्राथमिकता देनी होगी। मेट्रो सुरक्षा कर्मचारियों को अंग बाक्स ले जाने वाली टीम को बोर्डिंग तक एस्कार्ट करना चाहिए। ट्रेनों और बंदरगाहों के माध्यम से अंगों के परिवहन की सुविधा के लिए एसओपी जारी की गई हैं।

-अंग बाक्स को परिवहन के दौरान 90 डिग्री पर सीधा रखा जाना चाहिए।

-सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट के साथ सुरक्षित किया जाना चाहिए।

**वायनाड में बचाव अभियान: तीसरी कक्षा के छात्र ने लिखा सेना को पत्र**


# प्रिय भारतीय सेना... एक दिन मैं भी देश की सेवा करूंगा


**एजेंसी** | वायनाड

केरल के वायनाड जिले में 30 जुलाई को आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचाकर रख दी है। इसमें अब तक 300 से ज्यादा लोग अपनी जान गवां चुके हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में भारतीय सेना पूरे जी जान से जुटी हुई है।

सेना के अलावा एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और तमाम संगठन फंसे लोगों को निकालने में लगे हुए हैं। इसी बीच, एक दिल को छू लेने वाला पत्र सामने आया है। यह भावुक करने वाला लेटर किसी और ने नहीं बल्कि तीसरी कक्षा के एक छात्र ने लिखा है। उस पत्र में उसने लिखा कि वह सेना की कोशिशों को देखते हुए बड़ा होकर सेना में जाना चाहता है। छात्र रेयान ने मलयालम भाषा में लिखे पत्र में लिखा... प्रिय भारतीय सेना, मेरे प्यारे वायनाड में भारी भूस्खलन हुआ, जिससे तबाही और विनाश हुआ। मुझे आपको मलबे में फंसे लोगों को बचाते हुए देखकर गर्व और खुशी महसूस हुई। मैंने अभी-अभी वह वीडियो देखा जिसमें आप अपनी भूख मिटाने के लिए बिस्कुट खा रहे थे और पुल बना रहे थे। उस दृश्य ने मुझे बहुत प्रभावित किया और मैं एक दिन भारतीय सेना में शामिल होकर अपने देश की रक्षा करने की इच्छा रखता हूं।








### सेना ने धन्यवाद दिया... छात्र की भावना को सराहा

वहीं, भारतीय सेना ने नन्हें छात्र रेयान को युवा योद्धा कहते हुए धन्यवाद दिया है। सेना ने जवाब में लिखा, आपके दिल को छू लेने वाले शब्दों ने हमें अभिभूत किया है। मुश्किल समय में हमारा लक्ष्य उम्मीद की किरण बनना है और आपका पत्र इस मिशन की पुष्टि करता है। आप जैसे नायक हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। सेना ने आगे कहा, हम उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब आप वर्दी पहनेंगे और हमारे साथ खड़े होंगे। हम सब मिलकर अपने देश को गौरवान्वित करेंगे। युवा योद्धा, आपके साहस और प्रेरणा के लिए धन्यवाद।

**तेज बहाव में बह गए लोगों के घर**

# J&K में बादल फटा श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में बादल फटने से एक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे मुख्य श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया है। कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांदरबल जिले के कचेरवान में सड़क क्षति के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण आवासीय घरों सहित कुछ इमारतों को नुकसान हुआ है। राजमार्ग के बंद होने से कश्मीर घाटी लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश से कट गई है जबकि अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल आधार शिविर भी दुर्गम हो गया है। नुकसान का आकलन करने के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार कंगन, गांदरबल में बड़े पैमाने पर बादल फटने से कई सड़कों और फसलों को भी नुकसान हुआ है।

**केदारनाथ में फंसे 10,374 लोगों को लाया गया वापस:** उत्तराखंड में 31 जुलाई को अतिवृष्टि के कारण अस्त व्यस्त हुई केदारनाथ और यात्रा मार्ग पर फंसे लोगों को सुरक्षित वापस लाने का काम युद्ध स्तर पर रविवार को भी जारी रहा। रविवार सुबह से शाम पांच बजे तक कुल 10374 लोगों को वापस लाया गया है।

### 300 से भी ज्यादा महिलाएं एक मंच पर आईं और दिखाया हिडन टैलेंट

# किसी ने साड़ी में तो किसी ने लहरिए में बिखेरे सावन के रंग

**बेधड़क.जयपुर।** जब बात लेडीज के साथ लहरिया उत्सव को साकार करने की आई तो 300 से भी ज्यादा महिलाएं एक मंच पर आईं और अपना हिडन टैलेंट शोकेस किया। उनका उत्साह और क्रिएटिविटी देखकर फैशन वर्ल्ड के प्रोफेशनल भी रोमांचित और औचक रह गए। किसी ने साड़ी में तो किसी ने लहरिए में ऐसी क्रिएटिविटी दर्शाई कि हर ओर सावन के रंग बिखर गए। ये थीं शिल्पी फाउंडेशन की ओर से 'रंग रंगीलो लहरियो, आई सावन री तीज' तीज उत्सव-2024 में पार्टिसिपेट करने वाली जयपुर की सैकड़ों महिलाएं, जिन्होंने कपड़ों के साथ-साथ डांस, वॉक और टैलेंट राउंड में टैलेंट दिखाया। इस दौरान हर उम्र की महिलाओं ने पार्टिसिपेट किया। होटल ग्रेंड सफारी में मनाए गए कार्यक्रम में पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद चेयरमैन राहुल द्विवेदी, पवन गोयल आदि ने शिरकत करते हुए पार्टिसिपेंट्स को मोटिवेट किया। इससे पहले जवाहर कला केंद्र में उत्सव का पोस्टर लॉन्च किया गया था।



#### वुमन एम्पावरमेंट का देना है संदेश

फाउंडेशन की डायरेक्टर शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति को बढ़ाने और महिला सशक्तीकरण को मंच प्रदान करने के लिए तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त मंत्री दीया कुमारी रहीं, जिन्होंने लेडीज को मोटिवेट किया और ऐसे आयोजन की जरूरत बताई।

#### राजस्थानी परंपराओं का समागम

इस अवसर पर महिलाओं ने राजस्थान की अनोखी परंपराओं से अवगत कराया। राजस्थानी लोक संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेश-भूषा लहरिया और आभूषण में सजी-धजी शामिल हुईं। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लेडीज ने ऑन द स्पॉट प्राइज जीते।



#### पौधों का महत्व रहा खास

परिषद चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने बताया, कि उत्सव में पहली बार राजस्थानी संस्कृति को प्रमोट करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उत्सव में महिलाएं पौधा लगाती भी दिखाई दीं। साथ ही उस पौधे की ताउम्र देखभाल करने का संकल्प लिया।

### सावन महोत्सव: कराया फोटो शूट

## ट्रेंडिंग सॉन्ग्स पर ग्लैम गर्ल्स ने लहरिया ओढ़कर लगाए ठुमके



**बेधड़क. जयपुर।** 'सावन का महीना पवन करे शोर' से लेकर आज के समय में चल रहे ट्रेंडिंग सोंग्स पर सावन की मस्ती में झूमते हुए मॉडल्स ने जमकर ठुमके लगाए। मौका था लहरिया महोत्सव के आयोजन का। कार्यक्रम में इंडिया ग्लैम मॉडल्स ने रियल ज्वैलरी और साड़ीज के साथ मनमोहक सतरंगी लहरिए में दिलकश मेकओवर्स में फोटो शूट भी कराया। सावन महोत्व कार्यक्रम के दौरान पवन टांक के साथ अन्य अतिथियों ने मॉडल्स को उपहार स्वरूप राधे कृष्ण की चांदी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मॉडल ख्वाहिश सैनी, सोम्या गुप्ता, ऐश्वर्या साध, सुष्मिता पुरी, पायल दरयानी, सोम्या शर्मा, रिधिमा सरीन, अंकिता राठौर, पूनम गिदवानी, प्रीति सचदेवा, सुमन ब्याडवाल, प्रियांशी सिसोदिया, हीना शर्मा, गायु शर्मा, दिव्या शर्मा आदि ने उत्सव में हिस्सा लिया। इस मौके पर फैशन लवर्स भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रोग्राम में एंजॉय करने के साथ परफॉर्मेंस को मोटिवेट किया।

## प्रदर्शनी में दिखा बच्चों का टैलेंट



**बेधड़क. जयपुर।** सामनवे आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी में रविवार को कला प्रेमियों ने कई आर्टिकल्स को निहारा और उनके बारे में जानकारी ली। आर्ट प्रदर्शनी में शिखा लोढ़ा द्वारा संचालित 'लव विथ आर्ट' संस्थान के 20 युवा कलाकारों की रचनात्मक प्रतिभा देखने को मिली। प्रदर्शनी में बच्चों की ओर से बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें उनकी कला के प्रति जुनून और कौशल उजागर हुआ। उपस्थित लोगों ने रचनात्मक और कल्पनाशील प्रदर्शन के लिए कलाकारों को मोटिवेट किया।

## City इवेंट्स

### मुख्यमंत्री ने किया 'नजर' का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत विश्व फोटोग्राफी दिवस पर होने वाली 'नजर फोटो एग्जिबिशन' के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर विधायक शत्रुघ्न गौतम भी मौजूद रहे। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। एग्जिबिशन के आयोजक फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह एक अनोखी प्रदर्शनी है, जिसमें 12 वर्ष के किशोर से लेकर 85 वर्ष के व्यक्ति भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 से 25 अगस्त तक यह प्रदर्शनी जवाहर कला केंद्र की अलंकार गैलरी में आयोजित होगी।

### हरियाली अमावस्या पर किया पौधरोपण



**बेधड़क. जयपुर।** हरियाली अमावस्या पर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर वृक्षारोपण किया गया। वरिष्ठ पत्रकार व चूलगिरी क्षेत्र के संरक्षण प्रवीण चन्द्र छाबड़ा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न किस्मों के पौधे रोपते हुए देखभाल का संकल्प लिया। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी के रविन्द्र बज, विजय सोगानी सहित प्रदीप छाबड़ा, निरु छाबड़ा व जैन बन्धु शामिल हुए।

### पौधों के बीज गिराते हुए लगाई दौड़



**बेधड़क. जयपुर।** 'त्रिमूर्ति मानसून रन' के 8वें संस्करण में कूकस स्थित लोहागढ़ फोर्ट रिसोर्ट में रनर्स ने 21, 10 और 5 किलोमीटर की कैटेगरी में दौड़ पूरी की। मैराथन के दौरान रास्ते में विभिन्न पौधों के बीजों को गिराते हुए आस-पास हरियाली रखने व पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। प्रवीण तिजारिया अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा ने बताया कि दौड़ के दौरान सफाई का ध्यान रखा गया। रनर्स ने जॉग करते हुए प्लॉगिंग की जिससे सफाई रखने का सेज दिया जा सके। अरविंद सिंह ने जुंबा डांस के साथ वार्मअप कराकर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। सबसे पहले 21 किमी की दौड़ के लिए फ्लैग ऑफ किया गया।

### राजस्थान उत्तराखंड सभा ने किया पौधरोपण

## जहां होती है हरियाली.. वहां पर होता है खुशहाली का आगमन



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान उत्तराखंड सभा राजस्थान प्रदेश की ओर से फ्रेंड्स कॉलोनी के मध्य CDS विपिन सिंह रावत पार्क, पांच्यावाला में पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने कहा कि जहां हरियाली, वहां खुशहाली को ध्यान में रखते हुए सभा आने वाली पीढ़ी को एक सुंदर प्रकृतिदान देने का प्रयास कर रही है। संगठन मंत्री आनंद पांडे ने बताया कि देवी नगर सेंटर में प्रदेश अध्यक्ष बी एस रावत के निर्देशन में सभा पदाधिकारियों के साथ-साथ रावत ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर नरेंद्र रावत, परमेश चौहान, ओ पी त्रिपाठी, अर्जुन सिंह रावत, डॉ विकाश रावत, निर्मला रावत, त्रिलोक बोहरा, गणेश सिंह, धीरज नेगी, दिनेश सिंह, सुषमा चौहान आदि द्वारा पौधे लगाए गए।

प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री सोमेश शर्मा के नेतृत्व में जिला गंगानगर में घर घर पेड़ वितरण किए गए। कार्यक्रम सेंटर इंचार्ज गोदावरी कांडपाल ने बताया कि कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पूरन सिंह रावत, महासचिव बृजमोहन नेगी, सांस्कृतिक संरक्षक दयाकृष्ण कांडपाल, महिला सचिव रीता आनन्द पांडे, उमा बंगारी, रीता पांडे, भावना रावत, जशवंत सिंह रावत, मोहन ध्यानी, निर्मल पड़ेलिया, रमेश रावत, बीना ध्यानी, पुष्पा सिंह, कमला बंगारी, रविन्द्र बिष्ट और हेमा रजवार, हिम्मत सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, छोटू राम स्वामी, मुकेश मिश्रा शामिल मिल हुए।

### IDA जयपुर ग्रेटर ब्रांच की कार्यशाला संपन्न

## चिपकने वाली दंत चिकित्सा के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर




**बेधड़क | जयपुर**

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बायोमिमेटिक चिकित्सा मरीजों के लिए एक अभय वरदान साबित हो रही है। डॉक्टर दीपक मेहता ने यह बात इंडियन डेंटल एसोसिएशन जयपुर ग्रेटर ब्रांच की कार्यशाला में कही।

उन्होंने कहा कि दांतों को उनकी मूल शक्ति में वापस लाने और पल्प की जीवन शक्ति को बनाए रखने की कोशिश करते समय आने वाली सामान्य समस्याओं को हल करने के लिए चिपकने वाली दंत चिकित्सा के उपयोग को बढ़ावा देने के वाली विधियों के बारे में बताया। कार्यशाला का उद्घाटन आईडीए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज, आरयूएचएस के दंत संकाय के डीन डॉक्टर मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ दंत चिकित्सक होतिलाल गुप्ता व महात्मा गांधी डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ नरेंद्र पड़ियार ने किया।

अतिथियों का स्वागत डॉक्टर प्रशांत भारद्वाज अध्यक्ष आईडीए, डॉक्टर सुनील राघव सेक्रेटरी, डॉक्टर पूजा गुप्ता, डॉक्टर अरविंद, डॉक्टर सत्यवीर ने किया।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन जयपुर ग्रेटर ब्रांच की कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉक्टर जेएस वालिया आईडीए सेकेट्री राजस्थान ने बताया कि हमारा संगठन डेंटिस्टों की भलाई और दंत चिकित्सा के बारे में अधिक से अधिक पढ़ाने और सीखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**प्रतिभा** मायानगरी में परचम फहरा रही है जयपुर-बीकानेर की 23 वर्षीय डिजाइनर

# ट्रेंड समझकर काम करने वालों के लिए भरपूर अवसर

**बेधड़क | जयपुर**

'कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग ऐसा क्षेत्र है, जिसमें प्रतिभा दिखाने की अपार संभावनाए हैं। जरूरत है समकालीन ट्रेंड को समझकर काम करने की। बॉलीवुड में ट्रेंड को समझकर काम करने वालों के लिए काम के भरपूर अवसर हैं। यह कहना है राजस्थान के बीकानेर-जयपुर की बेटी मिली गोस्वामी का, जिसने मायानगरी मुंबई में कदम रखते ही कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग के क्षेत्र में हलचल मचा दी है। सच बेधड़क से खास बातचीत में उन्होंने अपनी जर्नी शेयर की। मात्र दो साल की अवधि में मिली ने करीब दो दर्जन विज्ञापन फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों, वेब सीरीज और फीचर फिल्मों में बतौर कॉस्ट्यूम डिजाइनर काम करके फिल्मी दुनिया की हस्तियों की प्रशंसा बटोरी। 23 वर्षीय मिली ने 2021 में फैशन डिजाइनिंग में बीएससी करने के बाद बिजनेस मैनेजमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप का कोर्स किया।

इसी दौरान उन्होंने मुंबई के फिल्म और विज्ञापन जगत में कदम रखा और कम समय में रचनात्मक सोच से पहचान बना ली।

#### फिल्म ड्रीम गर्ल-2 रही खास

बॉलीवुड में मिली गोस्वामी कॉस्ट्यूम व डिजाईन के पेशे में पहचान रखती हैं। परिवार से मिले प्रोत्साहन व सहयोग के दम पर उन्होंने कम समय में कई बॉलीवुड फिल्मों तथा इवेन्ट्स में हुनर को बतौर कॉस्ट्यूम विषेषज्ञ के रूप में साबित किया। पिछले साल बालाजी टेलीफिल्म्स की फिल्म ड्रीम गर्ल-2 से उसने सहायक निर्देशक के रूप में प्रतिभा को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। फिल्म से मिली को बॉलीवुड में एक नई पहचान मिली। वर्तमान में वे विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म पर कार्यरत हैं। इसके अलावा विभिन्न लघू फिल्मों व विज्ञापनों में अपने हुनर को लगातार प्रदर्शित कर रही हैं।



#### इन फिल्मों-शॉर्ट फिल्मों में रही कॉस्ट्यूम स्टाइलिश

मुंबई पहुंचना के बाद मिली को शॉर्ट फिल्म 'वंडरिंग' में बतौर कॉस्ट्यूम स्टाइलिश काम मिला। इसके बाद उसे नेटफिल्क्स के शॉर्ट वीडियो में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दिकी, अन्नू कपूर फिल्म्स की 'ये है मैसेज मेरी जान' जैसी फिल्मों के अलावा निर्देशक प्रतीश मेहता के साथ आईआईटी इवेंट, ड्रीम 11 एडवरटाइजमेंट, कांग्रेस के प्रचार अभियान, मैक्स किड्स फैशन एडवरटाइजमेंट, बच्चों की फिल्म 'टॉक्सी मूवी', रेमंड्स के 'एवर ब्लू डेनिम्स' विज्ञापन में मॉडल कनक पांडे के पोर्टफोलियो शूट सहित अनेक प्रोजेक्ट्स में बतौर कॉस्ट्यूम स्टाइलिश काम करके क्षेत्र में प्रतिभा के झंडे गाड़े। मिली ने कॉस्ट्यूम व डिजाइन के प्रोफेशन के लिए आईएनआईएफडी से फैशन डिजाइनिंग में स्टडी की। बाद में प्रबंधन व उद्यमिता में उच्चतर शिक्षा हासिल करने के बाद ख्वाबों को पंख दिए और बॉलीवुड की राह पकड़ी।



विश्वास पात्र मित्र जीवन की एक औषधि है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 50 रॉकेट

# कमांडर 'फुआद शुकर' के मारे जाने का लिया बदला

## इधर, इजराइल का गाजा पर हमला, 15 लोगों की मौत

**एजेंसी** | बेरूत/तेल अवीव

हमास चीफ इस्माइल हानिया के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव पहले से ज्यादा बढ़ गया है। इजरायल कई मोर्चों पर एक साथ संघर्ष का सामना कर रहा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच हिजबुल्लाह ने रविवार को दक्षिणी लेबनान से इजराइल की ओर लगभग 50 रॉकेट दागे हैं।

ईरान समर्थित समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उत्तरी इजराइल में बेत हिलेल पर उसका हमला लेबनान में कफार केला और डेर सिरियाने पर इजराइली हमलों का जवाब था। लेबनान ने दावा किया था कफार केला और डेर सिरियाने में हुए इजराइली हमले उसके कई नागरिक घायल हुए थे। हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर फुआद शुकर भी मंगलवार शाम को इजराइली के हवाई हमले में मारा गया था।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इजराइल वार रूम ने हवाई हमलों का एक वीडियो डाला है। इस वीडियो के साथ ही लिखा कि उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमलों को आयरन डोम से रोका गया है। वीडियो में दिख रहे ये वहीं हवाई हमले हैं, जो लेबनान के हिजबुल्लाह द्वारा किए गए हैं। इजराइल इन हवाई हमलो को आयरन डोम से रोक रहा है।



### ईरान और हमास के साथ लेबनान भी जंग में कूदा

बता दें कि ईरान और हमास ने इस्माइल हानिया की हत्या के लिए इजराइल को सीधे तौर पर दोषी ठहराया है। दोनों ने हिजबुल्लाह के साथ मिलकर इजराइल से बदला लेने की कसम खाई है। हानिया की मौत पर इजराइल ने न तो जिम्मेदारी की पुष्टि की है और न ही इनकार किया है।

### इजराइल ने हानिया को मारने का लिया था संकल्प

मालूम हो कि इजरायल ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के लिए इस्माइल हानिया और अन्य हमास नेताओं को मारने का संकल्प लिया था। इजराइल के अनुसार हमास चीफ ने ही गाजा में युद्ध की शुरुआत की है।

## 9 आतंकी सहित 15 फिलिस्तीनियों की मौत



मध्य-पूर्व में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख हानिया की मौत की खबर सामने आई थी। हालांकि, इजराइल ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। अब खबर है कि गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर शनिवार को इजराइल ने हवाई हमले किए, जिसमें 15 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। वहीं हमास ने दावा किया कि उसके कब्जे वाले वेस्ट बैंक में भी इजराइल ने दो हमले किए, जिसमें एक स्थानीय हमास कमांडर सहित नौ आतंकी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि दो अलग-अलग हमले हुए हैं। पहला हमला तुलकरम शहर के पास एक वाहन पर किया गया, जिसमें एक आतंकी सेल को निशाना बनाया गया। इसमें तुलकरम ब्रिगेड के कमांडर समेत उसके सहयोगी इस्लामिक जिहाद के चार लड़ाके मारे गए। इसके अलावा आतंकियों के एक अन्य समूह के पांच लड़ाके मारे गए। ये सभी तुलकरम में आतंक विरोधी अभियान के दौरान सैनिकों पर गोलीबारी मे शामिल थे। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी ने कहा कि गाजा में इजराइल-हमास युद्ध से पहले वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ रही है। इजराइल ने दावा किया कि स्कूल का इस्तेमाल हमास के कमांड सेंटर के रूप में किया जा रहा था, ताकि आतंकियों को छिपाया जा सके और हथियार बनाए जा सकें। हालांकि, हमास ने इजराइली आरोपों का खंडन किया है।

### अब तक 39,550 फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान में कम से कम 39,550 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। बीते वर्ष सात अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे। इस दौरान 250 लोगों का अपहरण भी किया गया था।

### बांग्लादेश में फिर हिंसा ने पकड़ी रफ्तार

# मृतक संख्या 115 के पार

■ देशभर में कर्फ्यू

**एजेंसी** | ढाका

पड़ोसी देश बांग्लादेश से एक बार फिर हिंसा की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रविवार को बांग्लादेश में भड़की हिंसा में 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। यहां छात्र प्रदर्शनकारी पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं की बीच भिड़ंत हुई थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। सरकार ने रविवार शाम 6 बजे से राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की। पिछले महीने शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पहली बार सरकार ने ये कदम उठाया है।



### कई प्रमुख सड़कें हुई ब्लॉक

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रविवार को प्रदर्शनकारियों की भीड़ लाठी वगैरह लेकर पहुंची थी। ढाका के बीच स्थित शाहबाग चौराहे पर यह भीड़ जमा हुई तो पुलिस और आंदोलन कारियों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। इसके अलावा कई स्थानों व प्रमुख शहरों में भी सड़क पर प्रदर्शनकारी और पुलिस कर्मियों में आमना-सामना हुआ। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख राजमार्गों को ब्लॉक कर दिया। पुलिस के साथ-साथ इस झड़प में सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थक भी थे,जिनसे प्रदर्शनकारियों का आमना-सामना हुआ।

### सरकार ने किया कर्फ्यू का ऐलान

हालांकि, पीएम हसीना और उनकी पार्टी प्रदर्शनकारियों के दबाव को खारिज करती दिख रही है। सरकार ने हिंसा भड़काने के लिए विपक्षी दलों और अब प्रतिबंधित दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी और उनकी छात्र शाखाओं को दोषी ठहराया है। राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक के बाद हसीना ने आरोप लगाया, "जो लोग अभी सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं वे छात्र नहीं हैं, बल्कि आतंकी हैं जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं।" उन्होंने देशवासियों से इन आतंकवादियों को सख्ती से दबाने की अपील की।

### कई महीने बाद इतना आक्रामक हुआ यूक्रेन


# रूस पर एक साथ बरसाए ड्रोन बम

■ रूस का दावा-75 ड्रोन कर दिए नष्ट

**एजेंसी** | मॉस्को

युद्ध के 2 वर्ष बीत जाने के कई महीने बाद यूक्रेन अचानक रूस पर बेहद आक्रामक हो गया है। यूक्रेन की सेना ने रात भर रूस के कई क्षेत्रों पर ड्रोन से हमला किया। इससे रूस के तमाम इलाकों में दहशत फैल गई।

लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित ठिकानों की ओर भागने लगे। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ने अनेक क्षेत्रों में 75 ड्रोन को 'बीच में भी नष्ट' कर दिया।



### इन क्षेत्रों में दागे गए बम

रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन बेलगोरोड, क्रास्नोडार, कुर्स्क, ओर्योल, रोस्तोव, वोरोनिश और रियाजान सहित कई क्षेत्रों में दागे गए जो यूक्रेन की सीमा से लगते इलाके हैं। बयान में कहा गया कि इनमें से एक ड्रोन को आजोव सागर पर मार गिराया गया। मंत्रालय के अनुसार रूस के रोस्तोव क्षेत्र में 36 ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। रोस्तोव के गवर्नर वसीले गोलुबेव ने ऑनलाइन जारी कर एक बयान में कहा कि यूक्रेन ने इस क्षेत्र पर कुल 55 ड्रोन से हमला किया था। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इनमें से कितने ड्रोन को मार गिराया गया और कितने अपने लक्ष्य तक पहुंचे।

### कई माल गोदामों को हुआ नुकसान

गवर्नर ने बताया कि यूक्रेन के ड्रोन हमले में मोरोजोवस्क और कामेन्स्की जिलों में स्थित मालगोदामों को नुकसान पहुंचा है। वहीं यूक्रेन के 'जनरल स्टाफ' ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि यूक्रेनी सेना ने मोरोजोवस्क में एक हवाई अड्डे पर हमला किया। साथ ही बेलगोरोद, कुर्स्क और रोस्तोव क्षेत्रों में ईंधन डिपो को भी नष्ट कर दिया। इस बीच, यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार को कहा कि रूस ने रात में यूक्रेन पर 29 शाहीद ड्रोन और चार मिसाइलों से हमला किया।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl